हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026
[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

TWO EXPERIENCES
ONE DESTINATION

THE TAYAL
PREMIUM STAY
A STAY BEYOND ORDINARY

OTP
ONLY THE PURE
PURE VEG
PURE VEG RESTAURANT



YOU ARE CORDIALLY INVITED TO OUR

GRAND OPENING

STAY | DINE | CELEBRATE

Join us as we begin a new chapter with
The Tayal Premium Stay and
OTP - Only The Pure,
where comfort meets culinary goodness

TUESDAY
20TH OCTOBER
2026
AT 11:00 AM

The Tayal Premium Stay
Seepat Road, Beside ICICI Bank,
Bilaspur, Chhattisgarh

for visit scan
The tayal premium stay

Good Food Brings People Together

OTP SPECIAL OFFER
15% OFF
UNTIL 30TH OCTOBER 2026 (SUNDAY)

GREAT COMPANY
PREMIUM COMFORT
PURE VEG CUISINE
LASTING MEMORIES

8349 834987
8349 758349

Follow us on Instagram
Review us on Google


अधर्म, अन्याय और अहंकार पर धर्म, न्याय और विनम्रता की विजय के महापर्व
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
DELL hp Lenovo ASUS
All Type of CCTV Camera Available
प्रत्येक खरीदी पर निश्चित उपहार
Desktop Computer 10,000/-* से प्रारंभ
ऑनलाइन से कम दाम की गारंटी ऑनलाइन खरीदी से पहले संपर्क करें
All Type Printer
Laptop 15,000/-* से प्रारंभ
एक्सचेंज सुविधा उपलब्ध
कम्प्यूटर एण्ड कम्प्यूटर्स
2- हॉटल मिडटाउन कॉम्पलेक्स, टेलीफोन एक्सचेंज रोड होटल ग्रैण्ड अम्बा के बगल में, बिलासपुर मो. 98271-53134
विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बिलासपुर शहर का फ्लैक्स प्रिंटिंग में जाना पहचाना नाम
रामकुमार पत्रवानी
संचालक - राम ग्राफीक्स
राम ग्राफिक्स
फ्लेक्स बैनर प्रिंटिग प्रेस
पता : मगरपारा रोड LIC ऑफिस के सामने, कैनरा बैंक के ऊपर बिलासपुर मो. 98279 62475
विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
25 वर्षों से आपकी सेवा में...
शादी कार्ड की विशाल श्रृंखला
जायसवाल
कार्ड एण्ड प्रिंटर्स
कम्प्यूटराईज्ड सील एवं मशीन
मेन रोड तेलीपारा, बिलासपुर (छ.ग.)
94252-26921, 98939-36467, 9300424563
Email Id:- jccbsp2@gmail.com
OFFICIALLY YOUTUBE CHANNEL
NAVEEN BILASPUR WALA
विजयदशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY DUSSEHRA
पार्षद से महापौर तक
विधायक से सांसद तक
छोटे उद्योगपति से बड़े उद्योगपति तक
डांसर, सिंगर, एक्टर और कलाकार
बिलासपुर के हिडन जैम्स
हर खास कहानी एक मंच पर
बिलासपुर का एकलौता अपना पॉडकास्ट चैनल
SCAN & SUBSCRIBE
असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक
विजयादशमी की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रोहित मिश्रा
जिला कार्यसमिति सदस्य
भाजपा बिलासपुर
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजय सिंह राजपूत
राष्ट्रीय संयोजक
(छत्तीसगढ़ स्वराज सेना)
राष्ट्रीय सचिव एवं
छत्तीसगढ़ प्रभारी
निषाद पार्टी
विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीवास मारुति वर्कशॉप
ऑल पैसेंजर कार रिपेरिंग एवं सर्विस
प्रो. परमेश्वर श्रीवास
मैकनिकल एवं एक्सीडेंटल वर्क एक्सपर्ट
हमारे यहां
• मैनकिल वर्क एवं डेंटिंग, पेंटिंग
• टैप्लॉन • रिपेयरिंग वर्क
• कम्प्यूटर एलायमेंट
पता : रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने रायपुर रोड, परसदा, बिलासपुर
श्रीवास प्रीकॉस्ट
हमारे यहां उच्च कोटि के प्रीकॉस्ट का निर्माण एवं विक्रय किया जाता है
बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए संपर्क करें
पता : कृष्णा हुण्डई शो-रूम के सामने, रायपुर रोड, परसदा, बिलासपुर
मो. : 9755484622, 9926588932
स्व. देव प्रसाद रॉय स्मृति आदर्श विद्यालय सरकंडा
अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
B.A., B.COM., M.COM,
B.SC-BIO/Maths/COM.SC.
M.SC-Zoology/Chemistry/
Physics/Maths/Botany/
Computer Science
M.A.- Sociology/Hindi Let./
Ploi. Sci./History/
Economic/English
PGDCA, DCA, BCA
07752-358531, 9303296088
नोट : जिन्हे पढ़ाने में रूचि हो वही संपर्क करें
योग्यता : स्नात्कोत्तर
Mo. 9425544461
अधर्म पर धर्म की विजय..
रावण पर श्रीराम की विजय
के प्रतीक पावन पर्व
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
विजय वर्मा
अध्यक्ष प्रतिनिधी
एवं सभापति नगर पालिका बोदरी
अध्यक्ष - मध्यनगरी दुर्गा उत्सव
समिति बिलासपुर
अधर्म, अन्याय और
अहंकार पर
धर्म, न्याय और विनम्रता की
विजय के महापर्व
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मनीष लाहोरानी
अध्यक्ष
अमित संतवानी
महामंत्री
मुकेश मूलचंदानी
कोषाध्यक्ष
सिंधी युवक समिति बिलासपुर
सत्य, शक्ति एवं धर्म
की विजय सदैव हो
विजयादशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
शिल्पी तिवारी
प्रदेश महासचिव (छ.ग. महिला कांग्रेस)
AdPRAYAS

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



शहर में ही 10 से अधिक जगहों पर मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

पुलिस मैदान में अमर, साइंस कालेज में तोखन करेंगे रावण दहन आज

आतिशबाजी के साथ ही निकाली जाएगी शोभायात्रा, कार्यक्रम शाम को

दशहरा पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। इस दौरान शहर में 10 से अधिक जगहों पर 55 से 80 फीट का रावण दहन किया जाएगा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी होगी तो शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। पुलिस मैदान में 65 फीट तो साइंस कालेज मैदान में 80 फीट के रावण का दहन किया जाएगा। साइंस कॉलेज मैदान में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू तो पुलिस मैदान में शहर विधायक अमर अग्रवाल रावण के पुतले का दहन करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दशहरा उत्सव इस साल 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। इसमें रावण दहन के साथ ही जगह-जगह भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकलेगी। इसमें राम-सीता और लक्ष्मण और बजरंग बली की जीवंत झांकी भी निकाली जाएगी। यह भी रावण दहन कार्यक्रम में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। पुलिस मैदान में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम के लिए तिलकनगर स्थित राम मंदिर से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इधर शहर के गांधी चौक से लेकर नूतन चौक, मुंगेली नाका चौक, तोरवा, राजकिशोर नगर सहित जगह-जगह रावण बाजार सज गया है। ऑर्डर पर 20 फीट से लेकर 80 फीट तक रावण तैयार किए जा रहे हैं।

इन प्रमुख स्थानों में होगा रावण दहन

- पुलिस मैदान शाम सात बजे, रावण की ऊंचाई 65 फीट
- साइंस कालेज मैदान सरकंडा, रावण की ऊंचाई 80 फीट
- पुराना बस स्टैंड मैदान शाम साढ़े सात बजे, रावण की ऊंचाई 60 फीट
- नूतन चौक शाम साढ़े सात बजे, रावण की ऊंचाई 65 फीट
- एनईआइ मैदान, शाम छह बजे, रावण की ऊंचाई 65 फीट
- लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान शाम आठ बजे, रावण की ऊंचाई 60 फीट
- शासकीय स्कूल प्रांगण चिंगराजपारा, रावण की ऊंचाई 55 फीट
- देवकीनंदन स्कूल प्रांगण, रावण की ऊंचाई 40 फीट

दशहरा उत्सव का समय

पंडित बृजेश जी महाराज के मुताबिक मंगलवार को दशमी तिथि की शुरुआत 20 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12:50 बजे से होगा और दशमी तिथि की समाप्ति 21 अक्टूबर 2026 को दोपहर 02:11 बजे होगी। इसमें विजय मुहूर्त (सबसे शुभ समय) दोपहर 1:59 बजे से दोपहर 02:45 बजे तक (कुल अवधिः 46 मिनट) तक रहेगी। इसके साथ ही अपराह्न पूजा का समय दोपहर 1:14 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक रहेगा। रावण दहन का समय (प्रदोष काल) सूर्यास्त के बाद शाम 05:47 बजे से रात 08:23 बजे के बीच सबसे उत्तम माना गया है। इस दिन सूर्यास्त शाम 05:47 बजे होगा।

मोहल्ले, कालोनियों, बस्तियों में भी जलेगा रावण

इसके साथ ही शहर की प्रमुख जगहों पर रावण के साथ ही मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले भी जलाए जाएंगे। प्रमुख आयोजन पुलिस मैदान, पुराना बस स्टैंड चौक, लाल बहादुर शास्त्री मैदान और रेलवे के एनआईए ग्राउंड, नूतन चौक और साइंस कालेज मैदान, चांटीडीह, मुंगेली नाका चौक में होगा। इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम के लिए शहर की बड़ी समितियों ने तैयारी की है। शहर के मोहल्ले, कालोनियों, बस्तियों आदि मिलाकर 2500 से ज्यादा छोटे-बड़े रावण के पुतलों का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व मनाया जाएगा।



नूतन चौक में रिमोट से होगा 71 फीट के रावण का दहन करेंगे अमर

अरपापार नूतन चौक सरकंडा में रावण दहन नूतन चौक स्थित कन्या शाला मैदान में स्व महावीर प्रसाद अग्रवाल एवं स्व मनोज अग्रवाल की स्मृति में 71 फीट रावण दहन किया जाएगा। इस बार के रावण दहन में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल द्वारा स्टेज पर बैठे-बैठे ही रिमोट के माध्यम से रावण दहन किया जाएगा। सार्वजनिक विजयादशमी समिति नूतन चौक सरकंडा के पदाधिकारी सुशील अग्रवाल व ईशान भंडारी के द्वारा आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम शाम 7.30 बजे रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी होंगे।

अमर करेंगे रावण दहन

- शाम 6 बजे रेलवे मैदान
- शाम 6 :30 बजे पुलिस ग्राउंड
- शाम 7 बजे संघ कार्यालय
- शाम 7 :30 बजे लालबहादुर शास्त्री मैदान
- रात 8 बजे पुराना बस स्टैंड
- रात 8 :30 बजे नूतन चौक
- रात 9 बजे मेलापारा चांटीडीह

तोखन करेंगे रावण दहन

- साइंस कालेज मैदान में

○ एनईआई मैदान में 65 फीट के रावण का शाम छह बजे दहन होगा

अरपांचल लोकमंच भी करेगा साइंस कॉलेज मैदान में रावण दहन

इधर साइंस कालेज मैदान में रावण दहन को लेकर इस बार भी विवाद की स्थिति बनती दिख रही है। अरपांचल लोक मंच द्वारा भी ऐलान कर दिया गया है वह मंगलवार को ही साइंस कॉलेज मैदान में रावण दहन कर विजयादशमी उत्सव मनाएगा। मंच के अध्यक्ष सिध्दांशु मिश्रा के मुताबिक पिछले वर्ष राजनैतिक द्वेष वश उक्त आयोजन के लिए समय पूर्व पहले आवेदन करने के बाद भी किसी अन्य व्यक्ति को आयोजन करने की अनुमति दे दी गई। इसका विरोध किया गया था। श्री मिश्रा ने कहा कि मंच के सभी सदस्य और शहर के नागरिक शाम 4 बजे साइंस कालेज मैदान पहुंचेंगे और करीब 20 फीट का रावण दहन करेंगे। प्रशासन विरोध करता है तो जहां रोका जाएगा वहां ही दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। श्री मिश्रा के मुताबिक अरपापार इस दशहरा उत्सव की शुरूआत अरपांचल लोक मंच द्वारा की गई थी और यह जारी रहेगी।

खबर संक्षेप

उजाड़ बिल्डिंग में संचालित हो रहे विभाग



बिलासपुर। कलेक्टोरेट के पीछे व नई कंपोजिट बिल्डिंग के ठीक सामने संचालित कई विभाग पूरी तरह खंडहर और उजाड़ हो चुके भवनों में संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई भवनों की तो छत ही गायब हो चुकी है। जर्जर भवनों की इसी कतार में डीएसबी जैसे शासन के महत्वपूर्ण विभाग का भी संचालन किया जा रहा है। न तो इन विभागों में साफ-सफाई की कोई व्यवस्था है, और न ही भवनों का मेंटेनेंस ही किया जा रहा है। जर्जर भवनों को देखने पर ही यहां काम करने वालों की परेशानी समझ में आने लगती है।

दोहरीकरण काम के लिए 5235.79 करोड़ स्वीकृत

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण गोंदिया–जबलपुर दोहरीकरण परियोजना मार्च 2026 में 5,235.79 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत की गई है, जिसमें 231 किलोमीटर लंबी लाइन का काम किया जाएगा। परियोजना का लगभग 213 किलोमीटर हिस्सा मध्यप्रदेश तथा 18 किलोमीटर हिस्सा महाराष्ट्र में स्थित है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शेख समी उर रहमान ने बताया कि गोंदिया–जबलपुर दोहरीकरण परियोजना क्षेत्र के रेल बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल उत्तर और दक्षिण भारत के बीच रेल संपर्क सुदृढ़ होगा, बल्कि बालाघाट, सिवनी, मंडला और जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों, किसानों, उद्योगों एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी लाभ मिलेगा। रेलवे परियोजना को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मूर्ति विसर्जन के लिए भैंसाझार बैराज से अरपा में छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के पचरीघाट में दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के लिए भैंसाझार बैराज से अरपा नदी में पानी छोड़ा गया है। इस संबंध में दुर्गोत्सव समितियों की ओर से मांग भी की गई थी। शहर में ज्यादातर मूर्तियों का विसर्जन पचरीघाट में ही किया जाता है। सिंचाई विभाग कोटा डिवीजन द्वारा समितियों की मांग को ध्यान में रखते हुए बैराज से पानी छोड़ा गया है।

शहर की ज्यादातर दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। शहर की बरसों पुरानी परंपरा के अंतर्गत विसर्जन के लिए अधिकतर दुर्गोत्सव समितियों की पहली पसंद पचरीघाट ही रहा है। ऐसे में पचरीघाट में विसर्जन लायक पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए भैंसाझार बैराज से अरपा नदी में पानी छोड़ा गया है। बीते वर्षों में पचरीघाट में कई बार ऐसी स्थिति भी देखी गई है कि मूर्तियों को सुलाकर विसर्जन करने के बाद भी मूर्तियां पूरी तरह पानी में नहीं डूब पाई हैं, जिससे विसर्जन के बाद पचरीघाट में मूर्तियों के जीर्ण-शीर्ण स्थिति में नजर आने पर समितियों को लज्जित भी होना पड़ा है। इस स्थिति से बचने के लिए दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा भैंसाझार बैराज से अरपा नदी में पानी छोड़ने की मांग की गई थी। सिंचाई विभाग के कोटा डिवीजन के द्वारा समितियों की मांग का सम्मान करते हुए बैराज से पानी छोड़ा गया है।

दुर्गोत्सव समितियों की ओर से की गई थी मांग, ज्यादातर मूर्तियों का विसर्जन पचरीघाट में



छोड़ा जा रहा है पानी

अरपा-भैंसाझार बैराज से अरपा नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। इसी तरह धान की फसलों की सिंचाई के लिए भी पिछले पचीस दिनों से नहरों में भी पानी प्रवाहित किया जा रहा है। किसानों की जरूरत व फसल की स्थिति के अनुरूप फिलहाल नहरों में पानी प्रवाहित होता रहेगा।

– **भानु साहू,** ईई जलसंसाधन कोटा डिवीजन

सिंचाई के लिए नहर में भी छोड़ा गया पानी

अरपा-भैंसाझार बराज से इससे संबंधित गांवों में धान की फसल की सिंचाई के लिए भी नहर में पानी छोड़ा गया है। ज्ञात हो कि अब फसल पकने की स्थिति में है, जिससे देर से पकने वाली धान की किस्मों के लिए नहर से छोड़ा गया पानी अमृत के समान होगा। दीवाली के आसपास धान के पौधों में पर्याप्त बालियां आ जाती हैं, वहीं नवंबर के आखिर तक देर से पकने वाली धान की फसल भी कटाई की स्थिति तक पहुंच जाएंगी।

एक ही घर के 7 सदस्यों को फूड पॉइजिनिंग



बिलासपुर। फूड पॉइजिनिंग के कारण एक ही घर के 7 सदस्यों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। जिसमें 3 बच्चों की हालत ज्यादा खराब है। फिलहाल उनका इलाज सिम्स अस्पताल में जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार सकरी थाना क्षेत्र के परसदा निवासी संतोषी साहू पति महेश साहू अष्टमी के रात शहर में दुर्गा पंडालों की मनोहर झांकी देखने शहर पहुंचे थे। इस दौरान रात उनके साथ बच्चे सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। करीब 12.30 बजे सभी सीएमडी कालेज के पास लगे गुपचुप ठेले पर पहुंचे और सभी ने एक प्लेट गुपचुप खाया। इसके बाद करीब 3 बजे घर पहुंचे। सुबह सो कर उठने के बाद सभी को एक साथ उल्टी और जी मचलने की शिकायत होने लगी। परिजनों ने 7 लोगों को सिम्स में सुबह 10 बजे भर्ती कराया है। सिम्स में संतोषी साहू 27 वर्ष, सोमेश साहू 15 वर्ष, महेश साहू 32 वर्ष, सुमन साहू 18 वर्ष, सुर्जीत साहू 16 वर्ष, प्रभा साहू 26 वर्ष, शिवांश साहू 6 वर्ष को भर्ती किया गया है। डाक्टरों के अनुसार शिवांश साहू की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण एनआईसीयू में भर्ती किया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



सिम्स में किया गया भर्ती

- गुपचुप खाने के बाद बिगड़ी तबीयत।
- सकरी थाना क्षेत्र के परसदा का मामला।

आरएसएस के मध्य क्षेत्र की बैठक लेंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत

संघ प्रमुख भागवत 22 व 23 को बिलासपुर में रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 22 व 23 अक्टूबर को बिलासपुर में बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा, इसमें आरएसएस के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत शामिल होंगे। श्री भागवत यहां प्रांत क्षेत्र के संघ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे व बौद्धिक वर्ग को संबोधित करेंगे। आरएसएस प्रमुख के बिलासपुर दौरे को लेकर संघ स्तर तैयारी जोरों से चल रही है।



आरएसएस प्रमुख सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत का इसी माह छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दौरा होने जा रहा है। वे बिलासपुर में 22 व 23 अक्टूबर को दो दिन रहेंगे और कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित संघ के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डॉ. मोहन भागवत 22 अक्टूबर को शिशु मंदिर परिसर में ही प्रबुद्ध कार्यकर्ताओं के बौद्धिक वर्ग को संबोधित करेंगे। इसके बाद 23 अक्टूबर को श्री भागवत प्रांत क्षेत्र की बैठक लेंगे। इसमें प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, प्रांत कार्यवाहक, प्रांत संघचालक, क्षेत्र संघचालक आदि शामिल होंगे। संघ का यह एक बड़ा कार्यक्रम माना जा रहा है और संघ प्रमुख के आगमन के मद्देनजर आवश्यक तैयारी जोरों से चल रही है। संघ प्रमुख के छत्तीसगढ़ बिलासपुर दौरा को देखते हुए संघ के पदाधिकारी और प्रबुद्ध कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं।

प्रदेश में दो संभाग बनाने की रचना बन रही

यह भी चर्चा है कि आरएसएस छत्तीसगढ़ प्रांत छत्तीसगढ़ प्रदेश हो जाएगा और यहां प्रदेश प्रचारक होगा। प्रदेश को दो हिस्सों में बांटने संभाग रचना बन रही है। एक हिस्से में बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, जशपुर, कोरिया, कोरबा का पूरा हिस्सा आएगा। दूसरे हिस्सा में रायपुर, दुर्ग व राजनांदगांव, राजिम, बस्तर संभाग का हिस्सा आएगा।

युवा वर्ग को जोड़ने की तैयारी

माना जा रहा है कि संघ की शाखाओं में विस्तार का उद्देश्य है। आरएसएस का उद्देश्य सभी जिलों तक गतिविधियां और शाखाएं शुरू करना है। आरएसएस आने वाले समय में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। इसी तरह आरएसएस के साथ अन्य आनुषांगिक संगठनों में इन्हें जोड़ने का लक्ष्य है। आरएसएस वर्ग की तरह कई गतिविधियों के जरिए लोगों को जोड़ा जाएगा। आरएसएस का फोकस घर-घर एवं हर वर्ग तक पहुंचने का है।

पिछले साल अगस्त में आए थे बिलासपुर

आरएसएस सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत पिछले साल भी बिलासपुर आए थे। श्री भागवत स्व. कांशीनाथ घोरे के स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में शामिल होने शहर आए थे और उन्होंने 30 अगस्त 2025 को सिम्स आडिटोरियम में आयोजित स्मारिका विमोचन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया था।

रोजाना 30 से अधिक एक्सीडेंटल केस

नवरात्र के दौरान सिम्स का मेल व फिमेल वार्ड पूरी तरह से भर चुका है। दरअसल पिछले 2 दिनों से अलग-अलग हिस्सों में दुर्घटनाएं हुई है, जिसके बाद 2 दिनों से लगातार 30 से अधिक एक्सीडेंटल केस आ रहे है, जिसके चलते ट्राइएज और वार्ड में बेड फूल हो चुके है। वहीं प्रबंधन का कहना है कि ज्यादातर मरीजों को 1 से 2 दिनों में छुट्टी दी जा रही है लेकिन एक साथ लगातार केस आने से दिक्कतें बढ़ी हैं।

खबर संक्षेप

मां किलावाली चण्डी मंदिर से निकली ज्योति ज्वारा कलश यात्रा



तखतपुर। मां किलावाली चण्डी मंदिर में प्रज्जवलित ज्योति विसर्जन के लिए नगर में निकली जहां गाजे बाजे के साथ निकली ज्योति कलश का पूरे शहर के लोगों ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया। ज्योति का दर्शन करने के लिए सड़कों पर श्रद्धालू उमड़े रहे। आज पुलिस की व्यवस्था भी जंवारा विसर्जन में काफी दुरूस्थ रही और शांति पूर्ण से जंवारा विसर्जित किया गया। किलावाली मां चण्डी देवी मंदिर से ज्योति जवारा कलश यात्रा निकली जो चण्डी मंदिर से होकर देवांगन मोहल्ला, सदर बाजार, गांधी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, संगम नगर, मां महामाया मंदिर होते हुए मनियारी तक गई। इस वर्ष मंदिर में तेल और घृत सहित 751 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। इस अवसर पर प्रमोद कुमार वैष्णव, नकुल धुरी, भागवत धुरी, तेजराम धुरी, रामप्रसाद धुरी, गोलू पटेल, रोहित पटेल, गजेंद्र धुरी, रवि धुरी, कान्हा धुरी, सुदामा सहित अन्य लगे हुए थे।

पथरिया महामाया मंदिर में विधि-विधान से हुआ कन्या भोज

पथरिया। नगर में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के प्राचीन माँ महामाया मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्याओं को विधि-विधान से भोजन कराया गया तथा उनका पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। हिंदू धर्म में नवरात्र पर्व के दौरान कन्या पूजन और कन्या भोज का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि कन्याओं में देवी स्वरूप का वास होता है, इसलिए नवरात्र के अवसर पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया जाता है। यह परंपरा श्रद्धा, सेवा और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। इस अवसर नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, नप उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, बलराम जायसवाल, मुरारी सोनी, गया राम डनसेना, तिजऊ राम निर्मलकर, रमेश साहू, मूलचंद डनसेना सहित उपस्थित पदाधिकारियो ने कन्या भोज कराकर उन्हें भेंट दिया ।



भूत की पोशाक में श्रवण ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

पेंड्रा। साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद पेंड्रा के कंप्यूटर ऑपरेटर श्रवण यादव ने अनोखे अंदाज में जन-जागरूकता अभियान चलाया। आकर्षक एवं डरावनी भूत की पोशाक पहनकर श्रवण यादव ने नगर के विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थलों, दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों पर पहुंचकर लोगों को साइबर ठगी से सावधान रहने का संदेश दिया। उनकी अनूठी वेशभूषा ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और जागरूकता के संदेश को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। अभियान के दौरान लोगों को फर्जी फोन कॉल, ओटीपी मांगने, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी लिंक, क्यूआर कोड, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से बचने की जानकारी दी गई। श्रवण यादव ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी या यूपीआई पिन साझा न करें।



मां दुर्गा के दरबार विधायक लहरिया ने टेका मत्था, की सुख समृद्धि की कामना



सीपत। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम खम्हरिया के आवास मोहल्ला स्थित शीतला मंदिर में भक्ति और आस्था का माहौल बना हुआ है। मंदिर में आयोजित दुर्गा उत्सव के दौरान मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया माता रानी के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता रानी को नारियल अर्पित किया और क्षेत्र की सुख समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। विधायक लहरिया के मंदिर पहुंचने पर दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूल माला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। विधायक ने माता रानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और धार्मिक आयोजन में शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ अपनी आस्था व्यक्त की। नवरात्र के अवसर पर शीतला मंदिर में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता लक्ष्मी साहू, पूर्व सरपंच शरद दुबे, मनू अग्रवाल, समिति अध्यक्ष उत्तम यादव, उपाध्यक्ष मोती किशोर, सचिव अविनाश यादव पवीन, लता साहू, शकुंतला, संतोषी, दुकहनी सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एवं मातृशक्तियां उपस्थित रहे।

मन्नत मांगने सड़क नापकर पहुंचे श्रद्धालु

नवमीं पर मंदिरों में ज्योति कलश दर्शन करने जुटी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



शारदीय नवरात्र के अष्टमी व नवमी में क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा। सुबह से ही माता रानी के दर्शन और ज्योत जंवारा की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। मंदिरों में जल रहे ज्योति कलशों की दिव्य आभा और भजन कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर सुख समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना किए। मंदिरों में दिनभर चहल पहल बनी रही।

सीपत के सेमरिया बाबा मंदिर में नवरात्र के अवसर पर 121 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर में ज्योत जंवारा के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। यहां बनवासी केंवट, प्रेम कुमार विश्वकर्मा और आनंद राम वर्मा सहित अन्य लोगों का धार्मिक आयोजन में विशेष योगदान है। बाबा बिछड़े लोगों को मिलाने के लिए प्रसिद्ध है दूर दराज से लोग दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के साथ भक्ति का माहौल बना हुआ है। सीपत स्थित सिद्धेश्वरी माता मंदिर में 77 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। नवरात्र के आठवां नौवां दिन यहां भी माता के दर्शन के लिए भक्तों का आना जाना लगा रहा। श्रद्धालु विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं। ग्राम धनिया स्थित मां मनकेश्वरी मंदिर में 151 तेल और 11 घी के ज्योति कलश जल रहे हैं। कुल 162 ज्योति कलशों की रोशनी से मंदिर परिसर जगमगाया। यहां ज्योत जंवारा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने माता के चरणों में शीश नवाकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मातेश्वरी मंदिर में कुल 120 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर में नवरात्र के दौरान विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। धर्मेंद्र गुप्ता, उत्तरा वर्मा और जेठू बैगा सहित अन्य लोगों का आयोजन में विशेष योगदान है। सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिरों में भजन कीर्तन और माता के जयकारों के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने के लिए सड़क नापकर आशीर्वाद लेने पहुंच रहे है।

बाजार मोहल्ले में शारदीय नवरात्र पर भव्य कन्या भोज



लोरमी। नगर के बाजार मोहल्ले में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थानीय दुर्गा पंडाल के पास विभिन्न सामाजिक समितियों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कन्या भोज एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने कन्याओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर उन्हें देवी स्वरूप में सम्मानित किया। भोजन में पूरी, चना, खीर और फल परोसे गए। आयोजन में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है और इस प्रकार के आयोजन से समाज में बेटियों के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है।

डिडिनेश्वरी मंदिर परिसर में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का समापन



मल्हार। जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर-धुर्वाकारी द्वारा माँ डिडनेश्वरी देवी मंदिर परिसर मल्हार में एक दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के मुख्य आयोजक शासकीय आयुर्वेद औषधालय धुर्वाकारी के डॉ अमित कुमार सिंह जुनेजा रहे। शिविर के दौरान विशेष अतिथि के रूप में राज्य मंत्री आनंद निषाद एवं मस्तूरी क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया पहुंचे। दोनों अतिथियों ने शिविर का बारीकी से अवलोकन किया और आयुष विभाग द्वारा आम जनता को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान कुल 265 मरीजों का निःशुल्क उपचार कर उन्हें आयुर्वेद औषधियां प्रदान की गईं। डॉक्टरों की टीम ने सर्दी, खांसी, बदन दर्द, पेट संबंधी रोगों सहित विभिन्न मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच की और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की सलाह दी। जन-कल्याणकारी शिविर को सफल बनाने में डॉ श्वेता पाण्डेय, डॉ नीरज मिश्रा, डॉ पूनम पारले, सुरेश मरावी, गिरधर साहू, संजीव पांडेय, संगीता रत्नाकर ने अपनी सेवाएं देते हुए विशेष योगदान दिया।

महामाया मंदिर व पंडालों में आहुतियों के साथ हुआ कन्या पूजन



पथरिया। नवरात्रि पर्व के महाष्टमी अवसर पर नगर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर एवं चोरभट्टी स्थित मां महामाया मंदिर में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर कन्या भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। महाष्टमी के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर माता दुर्गा से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। हवन-पूजन के पश्चात कन्या भोज का आयोजन नवरात्रि की धार्मिक परंपरा और आस्था के अनुरूप किया गया। कन्याओं को भोजन कराने के साथ उनका आशीर्वाद लिया गया। वहीं, हवन-पूजन से पूर्व नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में भी समिति के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के समक्ष पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रि के अंतिम दिनों में मंदिरों और दुर्गा पंडालों में धार्मिक अनुष्ठानों के चलते नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। महाष्टमी पर हवन-पूजन और कन्या भोज के आयोजनों ने श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक उत्साह को और बढ़ा दिया।

नवरात्रि महोत्सव का समापन, सुबह से देर रात्रि तक ज्योति जंवारा विसर्जन



मुंगेली। नवरात्रि में क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवी मंदिरों एवं घरों में विराजित ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन कार्यक्रम सुबह से देर रात्रि तक नदी में किया जाता रहा। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तजन जसगीत की थाप पर झूमते गाते जंवारा विसर्जन करते रहे।

शहर समेत अंचल में नवरात्र महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शारदीय नवरात्र में देवी मंदिरों में बुधवार को सुबह से लेकर रात्रि तक ज्योति जंवारा विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। नगर के हृदय स्थल सोनारपारा में प्राचीन मां महामाया मंदिर में रात्रि 12 बजे मंदिर से जंवारा विसर्जन के लिए निकले। जिसे आगर नदी में विसर्जित किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जंवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इसी तरह पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, दाऊपारा स्थित महामाया मंदिर, ठाकुरदेव मंदिर का जोत जंवारा विसर्जन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। इस दौरान जसगीतों के बीच नदी में ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव–गांव में जंवारा विसर्जन का उत्साह जबरदस्त देखने को मिला।

पूर्व विधायक चंद्रभान ने की नगर की सुख, शांति और समृद्धि की कामना



मुंगेली। नगर के देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते समर्थकों के साथ पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए तथा विधिवत पूजा–अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते ने माता रानी के चरणों में शीश झुका कर नगर के समस्त नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर सोनारपारा में वरिष्ठ कांग्रेसी जगत राम सोनी, शहर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, शहर उपाध्यक्ष आनंद सोनी, भगवान अवताड़े, राजकुमार सोनी, जग्गू ठाकुर, जय सोनी, प्रहलाद सोनी, श्रवण सोनी, विशाल सोनी, शुभम ताम्रकार, वीरेन चौहान, धनेश पाठक, अनुराग सोनी, वंश सोनी, आयुष ठाकुर, जवाहर सोनी, कौशल सिंह, छतरी, राजू सोनी आदि मौजूद थे।

लोहर्सी में भक्तिभाव से कराया नव कन्या भोज



पचपेड़ी। नवरात्रि के पावन अवसर पर पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहर्सी में मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में दुर्गा समितियों द्वारा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ नव कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर चौक दुर्गा समिति एवं कनौजिया पारा दुर्गा समिति ने कन्याओं को विधिवत भोजन कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, नवरात्रि में उपवास रखने वाले भक्तों ने भी कन्या भोज कराकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिर चौक दुर्गा समिति एवं कनौजिया पारा दुर्गा समिति ने नौ कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया।

चकरभाठा में निकली 101 फीट लंबी चुनरी यात्रा



बोदरी। माता रानी की भक्ति और श्रद्धा से सराबोर चकरभाठा में भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। सैकड़ों महिलाओं ने 101 फीट लंबी चुनरी लेकर जब चकरभाठा मार्केट में प्रवेश किया, तो पूरा बाजार भक्तिमय माहौल और श्रद्धालुओं की भीड़ से भर गया। यात्रा के दौरान मार्केट में आवागमन प्रभावित हुआ और पूरा क्षेत्र माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा का शुभारंभ नया पारा स्थित शनि शिव मंदिर से हुआ। इसके बाद श्रद्धालु विभिन्न मार्गों से होते हुए लक्ष्मीनारायण मंदिर, माता चौरा, वार्ड क्रमांक 09 तक पहुँचे। यात्रा में नगर पालिका परिषद बोदरी के सर्व समाज की महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नवमी पर जवारा विसर्जन में उमड़े श्रद्धालु मनियारी नदी घाट तक लगी भक्तों की भीड़



लोरमी। शारदीय नवरात्रि के नवमी को नगर की प्रमुख अधिष्ठात्री देवी महामाया मंदिर एवं कंकालिन मंदिर परम्परागत ढंग से ज्वारा विसर्जन किया गया। मंदिर से मनियारी नदी घाट तक श्राद्धालुओ ने पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्वारा की दर्शन लाभ लिया। वर्षानुगत शारदीय नवरात्रि को वार्ड 4 कंकालिन मोहल्ले की प्रसिद्ध ज्वारा विसर्जन हुआ। जो मोहल्ले से मंदिर तक जगह-जगह दर्शनार्थियों का रेला लगा रहा। नवरात्रि के नवमी पर जवारा सेवा के बाद विसर्जन के लिए श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखे एवं जगह-जगह भक्तों के द्वारा पूजन अर्चन किया गया। लोग मनोकामना के लिए भारी संख्या में ज्योत एवँ जवारा भर्ती प्रज्ज्वलित कराते है। इस दौरान परंपरा के अनुसार जस गीत टोलियां लोक पारंपरिक तरीके से उत्साहपूर्वक जसगीत सेवा प्रस्तुत करते हैं।

बच्चे-अभिभावक व शिक्षकों ने लिया गरबे का आनंद



तखतपुर। विजडम द ग्लोबल वर्ल्ड स्कूल में 'विजडम रास गरबा' का आयोजन बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने अपनी शानदार गरबा प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, संगीत और गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, मां अम्बे की पूजा-अर्चना तथा धुनी आरती के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों ने अपनी शानदार गरबा प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। शिक्षकों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महोत्सव को और भी आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न श्रेणियों में गरबा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें मॉम एंड मी, कपल डांस, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट परफॉर्मेंस-पुरुष एवं महिला जैसी श्रेणियां शामिल रहीं। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षावार गरबा प्रस्तुतियों में ग्रेड 6 विजेता रहा। वहीं ग्रेड 8 एवं 9 सहित सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा और सामूहिक समन्वय का परिचय दिया। प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यार्थियों का उत्साह, मेहनत और भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अजीत शुक्ला ने आयोजन की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी को विद्यालय की सांस्कृतिक एकता और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के दौरान रात्रि भोज की भी व्यवस्था की गई थी। गरबा प्रस्तुतियों का आनंद लेने के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक भोज का लुत्फ उठाया और इस यादगार संध्या का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. पूर्वा तिवारी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सोनारपारा महामाया मंदिर में कन्या भोज



मुंगेली। क्वांर नवरात्रि के सप्तमी के दिन शनिवार को सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में श्रध्दालुओं ने सभी कन्याओं को अपने हाथों से खीर पूड़ी, हलवा सहित विभिन्न प्रकार का मिष्ठान्न परोसा और उपहार भेंट किया। साथ ही कन्याओं की देवी के रूप में पूजा–अर्चना कर परिवार की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। क्वांर नवरात्रि में नौ दिनों तक जिस तरह से माता दुर्गा की आवभगत और पूजा–अर्चना की जाती है। उसी तरह से नवरात्रि में सप्तमी तिथि से कन्या पूजन का दौर शुरू हो जाता है। अष्टमी और नवमी तिथि पर कुंवारी कन्याओं को नौ देवी का रूप मानकर उनका स्वागत सत्कार किया जाता है। नवरात्र में कुंवारी कन्याओं के भोजन कराने से पुण्य और कल्याण की प्राप्ति होती है।

हरिभूमि

बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



दीनदयाल कालोनी मंगला में कन्या पूजन।



एकता युवा उत्सव समिति रामायण चौक।



विशाल नवरत्न दुर्गा उत्सव समिति।



एकता दुर्गा उत्सव समिति जूना बिलासपुर।



नवदीप दुर्गा उत्सव समिति सरकंडा।

दुर्गा नवमीं पर देवी मंदिरों, पण्डालों में हवन, आरती

कन्याओं को भोज करा दिया गया उपहार, लिया आशीर्वाद

शहर के काली मंदिर, हरदेव लाल मंदिर, जरहाभाटा दुर्गा मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में नवमीं पर हवन, आरती की गई। दुर्गा पण्डालों में महिलाओं ने भजन कीर्तन कर बहनों का सम्मान किया। कई स्थानों में कन्या भोज कराया गया।



आदर्श दुर्गा उत्सव समिति गोड़पारा।



बावली कुआं दुर्गा उत्सव समिति।



अमेरी चौक में विराजी मां जगदम्बा।



श्री सिद्धी दुर्गा।



नवदुर्गा उत्सव समिति लोखंडी।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बंगाली पारा सरकंडा में संगीतमयी श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा के शुभारंभ पर सुबह बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं ने पीले वस्त्र में कलश धारण किया एवं कथा स्थल से निकल कर नंदीश्वर मंदिर पहुंची। वहां पूजा कर कलश में जल लेकर वापस कथा स्थल पहुंची। दोपहर में कथावाचक आचार्य पं. प्रमोद पाण्डेय बेलसरी ने देवपूजन कराया एवं गोकर्ण कथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि घर में प्रतिदिन भागवत पढ़ना चाहिए या भागवत की पुस्तक रख कर उसकी पूजा, आरती करें। मन को भक्ति में लगाएं। इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के मुख्य यजमान विवेक, रजनी शर्मा हैं। यह आयोजन स्व. सरजू देवी शर्मा की स्मृति में हो रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामदत्त दुबे, राजाराम दुबे, पदमा दुबे सहित समस्त दुबे परिवार का सहयोग मिल रहा है।

राजीव विहार में पूजन किया गया



राजीव विहार पूजा समीति द्वारा इस वर्ष 25 वें वर्ष पर पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर विधायक अमर अग्रवाल मौजूद थे। 25 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है, जिसका विमोचन 23 अक्टूबर को किया जाएगा। इस मौके पर समिति के सचिव रूप रतन सिंह मौजूद रहें।

जेपी विहार में महिलाओं ने दी भजनों की प्रस्तुति



जेपी बिहार मंगला की महिला मंडली ने कालोनी स्थित दुर्गा पण्डाल में भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी एवं ब्राह्मण समाज की 25 बहनों का सुहाग सामान, श्रीफल और चुनरी देकर सम्मान किया। डॉ शोभा त्रिपाठी ने महिला मंडल को भेंट स्वरूप दरी दी। माता रानी के जयकारों व आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने माता के भजनों से मंडली में भक्तिमय उत्सव मनाया। नवरात्रि पर सभी ने माता से परिवार की दीर्घ आयु व स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने कन्या पूजन भी किया। इस मौके पर चंदा गहवई, सुषमा गुप्ता, प्रीति सिंह, सपना गुप्ता, रेखा विश्वकर्मा, प्रियंका, भावना, मीनाक्षी, सीमा, कविता, कल्पना, मीनू दुबे, रश्मि लता, संजना, मंजू, ममता मिश्रा, प्रतिभा, संगीता, शशि, प्रेमलता, अर्चना तिवारी, रीना, आरती, कल्पना, अरुणा, नंदिनी, शशि प्रभा, लता दुबे की उपस्थिति रही।

गायत्री महायज्ञ के साथ नवरात्रि पर्व का समापन



विनोबानगर गायत्री शक्तिपीठ में नवमीं पर 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, कन्या व सामूहिक अमृताशन भोज कराया गया। मीडिया प्रभारी द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सायंकालीन आरती से पूर्व युगऋषि का संदेश दिया जाता रहा। परिजनों ने 24 हजार गायत्री महामंत्र जप, 1008 गायत्री महामंत्र लेखन तथा 108 गायत्री चालीसा पाठ की पूर्णाहुति गायत्री महायज्ञ के माध्यम से की। महायज्ञ का संचालन सविता तिवारी, दीक्षा पटेल, श्रीमती जे. लाल, मनोहर दास, दिनेश सिंह, सुशीला यादव, संजय लाल की टोली ने किया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य ने वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर शुभ संकल्प लेकर उसे अपने जीवन में धारण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामगोपाल, रामकुमार, बृजेश साहू, वेदराम, उर्मिला, आशा सुल्तानिया, रमेश श्रीवास, नंदिनी, जेएल. पाटनवार का सहयोग रहा।

देवी मां महिमा अनसुनी कथा प्रतियोगिता



आर्यवर्त ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ जिला बिलासपुर ने देवी मां महिमा अनसुनी कथा प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें ब्राह्मण बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और देवी मां से जुड़ी अनसुनी एवं प्रेरणादायक कथाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।प्रतियोगिता में रश्मि, प्रेमलता, साधना, दीपा, अर्चना, सरला, सूर्य प्रभा, नैना, कृतिका, शशि, नीतू, दिव्या, सीमा, पद्मजा, मनीषा, प्रेमलता, विमलेश ने सहभागिता की। निर्णायक की भूमिका में कवियित्री रश्मिलता मिश्रा एवं समाजसेविका रश्मि द्विवेदी रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार साधना दुबे, द्वितीय पुरस्कार सूर्य प्रभा बुलूसू तथा तृतीय पुरस्कार अर्चना शुक्ला को प्राप्त हुआ। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित अतिथि बहनों को उपहार प्रदान किया गया। जिलाध्यक्ष शशि तिवारी ने संस्था की ओर से निर्णायक बहनों को स्मृति भेंट किया गया।

समृद्धि फाउंडेशन ने मानव सेवा का संदेश दिया



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर समृद्धि प्रयास एक पहल फाउंडेशन ने देवी आराधना को मानव सेवा से जोड़ते हुए विशेष सेवा अभियान चलाया। अभियान का शुभारंभ नन्हीं बालिका समृद्धि ठाकुर को माताराणी का स्वरूप मानकर उनके हाथों कराया गया। डायरेक्टर नूतन ठाकुर और अध्यक्ष अभिषेक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित अभियान के तहत सिम्स अस्पताल में नवजात शिशुओं और उनकी माताओं के लिए 35 बेबी केयर किट वितरित की गईं। अभियान के दौरान सड़क किनारे रहने वाली माताओं का सम्मान कर उन्हें पंचभोग अर्पित किया गया। सेवा गतिविधियों में डायरेक्टर नूतन ठाकुर, अध्यक्ष अभिषेक सिंह ठाकुर और टीम सदस्य अमन साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई।

हनुमान सेवा समिति के सदस्यों ने किया महापाठ



श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगण रामसेतु चौक सरकंडा ने न्यायधानी के दुर्गा पंडालों एवं मंदिर प्रांगणों में निरंतर श्री हनुमान चालीसा एवं श्री रामस्तुति का सामूहिक महापाठ किया। समिति के प्रणव मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के पंचम दिवस तक सदस्यों ने कुल 14 स्थानों में महापाठ संपन्न किया गया। कार्यक्रम से पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा आमंत्रित करने वाले समितियों के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा की निःशुल्क पुस्तिका प्रदान कर भेंट स्वरूप रामपट्टा व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। आयोजकों ने भी श्री हनुमान सेवा समिति के सदस्यों का तिलक लगाकर एवं रामपट्टा पहनाकर सम्मान किया। महापाठ कार्यक्रम का यह तृतीय वर्ष है।

तिफरा में कन्या पूजन कर की गई आरती



नवरात्रि पर सेजेस प्राथमिक शाला हिंदी माध्यम तिफरा में कन्या पूजन कर आरती की गई। बच्चियां नवदुर्गा के रूप में रहीं। शिक्षकों ने आरती सजाकर फूलों की रंगोली सजाई। फिर कन्या पूजन कर उन्हें भोज करा भेंट स्वरूप पानी बॉटल, कंपास सहित स्टेशनरी सामान दिया गया। जयकारे लगाते हुए नवदुर्गा स्वरूप बच्चों से आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक विश्वास शर्मा, व्याख्याता जय कौशिक, यशोदा कौशिक, राधा यादव, रंजना बाल्मिक, आशा कश्यप, गणेशी कुर्रे, ममता शर्मा, कविता यादव, अमित कुमार तंवर, जोगेंदर सिंह हरबंश, स्व सहायता समूह की उर्वशी, पिंगला कश्यप, शिक्षार्थी आंचल श्रीवास, मनीषा, नमन कौशिक सहित पालक उपस्थित रहे।

राम रसोई ने 108 कन्याओं को कराया भोज



राम रसोई के द्वारा 108 कन्याओं का भोजन कराया गया, मुख्य संचालक राजीव अग्रवाल ने बताया कि शहर की समस्त कन्याओं को एकत्रित कर कन्या भोज कराया। इस कार्यक्रम में पूनम अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सुचिता शर्मा, माधवी, सिद्धार्थ गुप्ता, सुनील तोलानी,प्रमोद अग्रवाल का सहयोग रहा।

251 बालिकाओं को कराया गया भोजन



नवरात्रि पर शांता फाउंडेशन ने देवरीखुर्द स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास में 251 बालिकाओं को कन्या भोजन कराया एवं उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा की। कार्यक्रम में प्रकाश पंजवानी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर शांता गेमनानी, सृष्टि सिंह, मनीषा वर्मा, अनिता तिवारी उपस्थित थे।

काली मंदिर में 5 हजार कलश का प्रज्जवलन



तिफरा स्थित काली मंदिर में नवमीं पर हवन कर कन्या भोजन कराया गया। इस साल तेल का पांच हजार एवं घी का साढ़े तीन सौ कलश का प्रज्जवलन किया गया। मंदिर के पुजारी पं. भवानीदास महराज ने बताया कि प्रतिदिन देवी की पूजा की जा रही है। दर्शन, पूजन करने हर दिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

रेणुका देवी की पूजा, आरती



गोवर्धन परिवार तिलकनगर में श्री रेणुका देवी नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया गया। घर में स्थापित इस देवी का पूरे नवरात्रि के दौरान परंपरागत पूजा-अर्चना, आरती की जाती रही।

खबर संक्षेप

जनकपुर में आज होगा रावण दहन

तखतपुर। गुप्ता समाज द्वारा आयोजित विजयादशमीं पर दशहरा उत्सव में रावण दहन कार्यक्रम 20 अक्टूबर को शाम 6 बजे से जनकपुर रावण भाठा में आयोजित किया जाएगा। वहीं राजपूत क्षत्रीय समाज द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन 20 अक्टूबर को शाम 7 बजे विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया है।

काली माता खप्पर भ्रमण के दौरान मारपीट, जुर्म दर्ज

तखतपुर। काली माता के खप्पर भ्रमण के दौरान भीड़ में धक्का-मुक्की की बात को लेकर युवक की पिटाई कर दी। इस मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्धकर मामले को विवेचना में ले लिया पुलिस के अनुसार टिकरीपारा निवासी मयंक साहु ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 अक्टूबर की रात करीब 1 बजे वह टिकरीपारा के पास काली माता के खप्पर भ्रमण को देखने गया था। इस दौरान भीड़ में धक्का-मुक्की होने पर वंशराज ठाकुर के एक परिचित युवक के साथ उसका विवाद हो गया। इसके बाद उसके अन्य साथियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से जमकर पिटाई कर दी पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्धकर मामले को विवेचना में ले लिया।

सत्यनारायण जिलाध्यक्ष एवं दिलीप उपाध्यक्ष



लोरमी। विश्व हिंदी परिषद के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए संगठन का विस्तार करते हुए शिक्षक डॉ सत्यनारायण तिवारी को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष शैक्षणिक प्रकोष्ठ (मुंगेली) तथा डॉ दिलीप सिंह राजपूत को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने इस जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगामी 30-31 अक्टूबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में संपन्न होने जा रहे प्रतिष्ठित 'भारत रत्न अटल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगें।


कम शुल्क में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे विद्यार्थी

लोरमी। ग्रामीण अंचल स्थित विष्णुकांती महाविद्यालय छीतापार, पोस्ट दाऊकापा में शिक्षण सत्र 2023-24 से बी ए, बीएससी, डीसीए कोर्सेस संचालित है। जिसे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्धता मिली हुई है। इसी बीच शिक्षण सत्र 2026-27 से छत्तीसगढ़ का एक मात्र ओपन यूनिवर्सिटी पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्धता मिली है। उक्त आदेश पंडित सुंदरलाल शर्मा यूनिवर्सिटी बिलासपुर के कुलसचिव ने जारी किया है जिससे क्षेत्र के गरीब असहाय कमजोर वर्ग के बच्चे ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड पर कम शुल्क में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस उपलब्धि से क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

निधन


भागमती साहू

तखतपुर। बैजना निवासी भागमती साहू का 71 वर्ष की आयु में 19 अक्टूबर को निधन हो गया। वे गेंदराम साहू की पत्नी एवं हेमंत साहू, सुमंत साहू, हेमीन साहू की मां तथा संतोष साहू जलेश्वर साहू की चाची एवं पिल्लूराम साहू की मामी थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बैजना में किया गया।



शकीला बेगम

सीपत। बिलासपुर भारतीय नगर निवासी शकीला बेगम का 18 अक्टूबर की सुबह 8 बजे निधन हों गया है। उनका जनाजा इशा नमाज बाद 8:45 बजे मगरपारा खामोशगंज कब्रिस्तान में जनाजे का नमाज अदा की गई। जहां मरहुमा को सुपुर्द ख़ाक किया गया। वे फरीद अली, बरकत अली के मां थी।



बीआर साव स्कूल में मनाया जाएगा विजयादशमी

मुंगेली में डिप्टी सीएम साव करेंगे रावन दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर में रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम बीआर साव स्कूल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। दशहरा उत्सव कार्यक्रम उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में भक्तिमय माहौल के साथ मनाया जाएगा। शाम 6 बजे श्रीराम लक्ष्मण की झांकी की पूजा अर्चना बाद भव्य आतिशबाजी के बीच रिमोट से रावण दहन किया जाएगा। बीआरसाव स्कूल के अलावा भानु प्रताप चौक स्थित रेस्ट हाउस मैदान में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

बड़ा बाजार में भी आतिशबाजी के साथ रावणदहन किया जाएगा। नगर में आयोजित होने वाले रावण दहन

■ दोपहर 3 बजे से होगी भजन प्रस्तुति

कार्यक्रमों को लेकर उत्साह का माहौल है। बीआरसाव स्कूल मैदान में दशहरा उत्सव समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे भजन आदि से होगी। जिसमें स्थानीय एवं प्रसिद्ध भजन गायक प्रिंस दादवानी के द्वारा प्रभु श्रीराम और माता दुर्गा के भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। शाम 5 बजे से अंकुश पटेल के द्वारा भव्य पायरो आतिशबाजी की जाएगी। जिसमें भव्य आतिशबाजी में श्रीराम रथ, कॉस्ट्यूम गोरीला, फॉक्स कॉस्ट्यूम, भव्य सर्फी लाइट और पार्क लाइट मंच में जंबो, स्पारकलर मशीन, फायर मशीन, लिक्विड जेड आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं रावण में कोल्ड पायरो, कलर स्मोक, भगवान श्रीराम लक्ष्मण की झांकी का भव्य स्वागत किया जाएगा। संध्या 6.1 बजे 65 फीट ऊंचे रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया जाएगा। सर्वप्रथम श्रीराम लक्ष्मण की झांकी द्वारा रावण के पुतले पर तीर चलाकर अधर्म के अंत का संदेश दिया जाएगा।

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव रिमोट से रावण का दहन करेंगे। रावण दहन के तुरंत बाद भी शाम 6.30 बजे से गगनचुंबी एवं मनमोहक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति ने मुंगेली शहर एवं आसपास के क्षेत्रें के सभी नागरिकों, धर्मप्रेमी जनता को वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम, बीआर साव स्कूल मैदान मुंगेली में आमंत्रित किया है। श्रीराम दशहरा उत्सव समिति द्वारा पिछले 10 वर्षों से रावण दहन की परंपरा निभाई जा रही है। इस वर्ष भी समिति द्वारा दाउपारा रेस्ट हाउस डॉ भानु गुप्ता चौक के पास 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन कर विजयादशमी का पर्व मनाने की तैयारी की गई है। आयोजन के माध्यम से नगरवासियों को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम मंगलवार, 20 अक्टूबर को शाम 5 बजे भानु प्रताप चौक स्थित रेस्ट हाउस मैदान, मुंगेली में होगा। नगरवासियों से आयोजन में शामिल होकर विजयादशमी पर्व को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने की अपील की गई है। दशहरा पर्व के अवसर पर रावण दहन के साथ एक बार फिर सत्य, सदाचार और धर्म की विजय का संदेश दिया जाएगा।



आकर्षक झांकियों के साथ होगा रावण दहन

लोरमी। प्रति वर्ष के तरह दशहरा पर्व पर आज रावण दहन होगा। नवजीवन क्लब दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों के द्वारा तैयारिया कर ली है। वही कारीगरों के द्वारा रावण का पुतला बनाया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। समिति के सदस्य नरेन्द्र खत्री व जितेन्द्र पाठक ने बताया कि 48 वॉ वर्ष रावण का पुतला करीब 30 से 35 फुट का बनाया जाएगा। झाकी के साथ राम सीता, लक्ष्मण, हनुमान सेना और रावण सेना के साथ पुतला दहन के लिए जय जय श्री राम के घोष के साथ नगर के मुख्य मार्ग माहामाया मार्ग से होते हुए श्री राम दरबार, श्री राम झांकी, सीता माता कुटिया, महादेव झांकी डीजे व आकर्षक लाइटिंग आतिशबाजी के साथ श्री राम की झाकी हाईस्कूल मैदान पर पहुँचती है। आयोजन को सफल बनाने के लिए अमित दुबे, विश्वास दुबे, प्रशांत शर्मा, अभिषेक पाठक, आवेश द्विवेदी, देवी जायसवाल, समीर पाठक, आकाश केशरवानी, योगेश खत्री, यतीन्द्र खत्री, लक्ष्मी खत्री, जितेन्द्र खत्री, अंश पाठक, दीपक नामदेव, मोनू यादव, दीपक जायसवाल (इट्टी) प्रेम यादव, मनीष जायसवाल, निक्कू जायसवाल, पवन गुप्ता, राजेश जायसवाल, लक्ष्मी नारायण यादव, सहित समिति के सदस्य जुटे हुए हैं। वही रावण निर्माण संजू कश्यप, बंटी साहू, रिंकू यादव के द्वारा किया जा रहा है।

पुतले को लाठी से तोड़ा जाता है

मुंगेली। अंचल में एक अनुठी परंपरा के रूप में मिट्टी के पुतले से बनाये हुए रावण का पुतले को लाठी से तोड़ कर रावण का अंत किया जाता है। इस परंपरा को ग्रामवासी उत्साह के साथ मनाते हैं। अंचल में एक अनुठी परंपरा के रूप में मिट्टी के बनाये हुये पुतले को तोड़ कर रावण का अंत किया जाता है। क्षेत्र के मालगुजार गोवर्धन परिवार के द्वारा विजय दशमी पर्व के अवसर पर मिट्टी से निर्मित के रावण के पुतले तैयार कराया जाता है। ग्राम पेंडाराकापा से श्रीकांत गोवर्धन के नेतृत्व में ग्रामवासी गाजे बाजे के साथ दशहरा मैदान में पहुचकर रावण के पुतले पुजा अर्चना के पश्चात लाठी से पुतले को तोड़ा जाता है। मान्यतानुसार वध उपरांत अहिरावण की मिट्टी को अपने घर ले जाने के लिए लोग टूट पड़ते हैं। इसे समृद्धि के लिए शुभ माना जाता है। जिसमें क्षेत्र को लोग बड़ी संख्या में भाग लेते है।

चोटिल डिप्टी सीएम से मिले केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन, पूछा कुशलक्षेम



लोरमी। विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के पैर में चोट होने पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू रविवार को उनके निवास पहुँचकर कुशलछेम जाना। इस दौरान तोखन साहू ने उनका स्वास्थ्य के बारे में हालचाल जाना। गौरतलब है की प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव शुक्रवार को लोरमी नगर के विभिन्न दुर्गा पंडाल में विराजित माता का दर्शन करने शाम ढलने के बाद वे स्कूटी चलाते हुए दुर्गा पंडालों में दुर्गा देखने के लिए निकले।

स्कूटी से ही वे एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर मां दुर्गा का दर्शन कर रहे थे और अपने साथियों एवं लोगों से मेल मुलाकात भी कर रहे थे। इसी दौरान पंडाल से वे जब स्कूटी चालू कर दूसरे पंडाल में जाने के लिए आगे निकले तभी स्कूटी में ब्रेक लगाने से स्कूटी स्लीप होकर गिर गए जिससे उन्हें चोट आई। यह देख आसपास के लोगों ने उन्हें सहारा देकर उठाया, उसके बाद गाड़ी बुलाकर उन्हें घर भेजा गया। पैर में दर्द होने से वे शनिवार को बिलासपुर आकर सिम्स इलाज कराने गए, जहां डॉक्टरों ने उनके पैर का एक्सरे करवाया।

चोट गंभीर नहीं थी, पैर में केवल मोच आई है, इसलिए डॉक्टरों ने पैर में कच्चा प्लास्टर लगाकर उन्हें छुट्टी दे दी। डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल आराम करने की सलाह दी है। पैर में चोट लगने और कच्चा प्लास्टर बांधे जाने के कारण उप मुख्यमंत्री अरूण साव के सभी निर्धारित कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए। इधर उनके घर निवास में स्नेही जन भेट मुलाकात करने पहुंच रहे हैं।

जिला स्तरीय ट्रायल में शामिल हुए सनराइस क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी

मुंगेली। सनराइस क्रिकेट सोसायटी मुंगेली के अंडर 19 व 14 के खिलाड़ी बिलासपुर में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल में शामिल हुए। अंडर 19 में श्रीसंत खरे, सिद्धार्थ बाजुरिया, बलराम चंद्राकर, कामता साहू, तुषार देवांगन, प्रदीप आहिरे, विक्की सोनवानी, सोमेश बंजारा, वही अंडर 14 में कृष्णा यादव, मयंक कश्यप, गौरव साहू, वेदांत शुक्ला, दिव्यांश सोनवानी, आयुष गेंदले, ऋषभ यादव, विश्वम दीक्षित, कोच छत्तीसगढ़ क्रिकेट खिलाड़ी देवकी यादव, लिटिल क्रिकेट खिलाड़ी शिवांश साहू, सुयश डिंडौरे, तेजस्वी यादव शामिल हुए।

असामाजिक तत्वों से परेशान ग्रामीणों ने टीआई को सौंपा ज्ञापन

लोरमी। नगर पालिका के ग्राम मझगांव के वार्ड क्रमांक 10 के ग्रामीणों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग थाना प्रभारी से की है। ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में नगर पालिका के ग्राम मझगांव के वार्ड क्रमांक 10 के ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि महावीर मानिक पुरी के घर के पास टेप नल को बार बार तोड़ा जा रहा है। साथ ही नदी किनारे बोर लगा है जो पूरे ग्राम वासियों के उपयोग के लिए है, उसके स्टार्टर पैनल को तोड़ दिया गया है। कुछ दिन पहले इसी बोर के पाइप को भी तोड़ दिया गया था। इसी प्रकार गोवर्धन निषाद के मीटर में लगे ग्रिप को तोड़ दिया गया है। पन्ना लाल तिवारी के घर से 200 मीटर की दूरी में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं पर शराब खोरी होती है। 50 बिस्तर अस्पताल के पास भी असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। शराब पीकर असामाजिक तत्व के लोग माहौल को खराब कर रहे हैं। ज्ञापन में वार्ड नं 10 के पार्षद धारणी पुरुषोत्तम राजपूत, लक्ष्मण तिवारी, रमेश राठौर, पन्ना लाल तिवारी, मेघनाथ, वीरेंद्र श्रीवास, नंद लाल यादव, अनिल धुर्वे, धरम सिंह, संजय सिंह, रघुनंदन सिंह, प्रदीप, भागीरथी, लक्ष्मी, गोवर्धन निषाद, अजीत यादव सहित लगभग 30 ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

युवकों पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

तखतपुर। मंडी चौक के पास दुर्गा दर्शन कर लौट रहे युवकों पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कालीबाड़ी निवासी शौर्य सोनी अपने मित्र अन्य श्रीवास्तव और राघव श्रीवास के साथ 15 अक्टूबर की रात मोटरसाइकिल से टिकरीपारा की ओर जा रहा था। इसी दौरान देव गोस्वामी ने रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच बीच-बचाव करने पहुंचे कृष्णा सोनी पर आकाश यादव ने चाकू से हमला कर दिया।

भारतीय सेना के जवान के माता-पिता का सम्मान, विद्यार्थियों को बांटी गई सामग्री

तखतपुर। भाजपा तखतपुर मंडल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला टिकरीपारा में सेवा, शिक्षा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पुस्तक एवं पेन वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इसी क्रम में देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित भारतीय सेना के जवान नरेंद्र सिंह के माता-पिता का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। नरेंद्र सिंह, एल्डरमैन ज्ञान सिंह के भाई हैं। देश की सुरक्षा के लिए अपना योगदान देने वाले सैनिकों के साथ-साथ उनके परिवारों का सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। सैनिक अपने साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से देश की रक्षा करते हैं, वहीं उनके परिवार भी त्याग, धैर्य और



गर्व के साथ इस जिम्मेदारी में सहभागी बनते हैं। सैनिक के माता-पिता का सम्मान कर भाजपा तखतपुर मंडल ने उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा और समर्पण के कार्यों के माध्यम से मनाने का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सकारात्मक संदेश पहुंचाना है। सेवा संकल्प अभियान हमें जरूरतमंदों की सहायता करने, विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा देश और समाज के लिए अपना योगदान देने की प्रेरणा देता है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सेवा, संस्कार, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना मजबूत होती है। भाजपा तखतपुर मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा के प्रोत्साहन और राष्ट्र की रक्षा में योगदान देने वाले सैनिक परिवारों के सम्मान के प्रति समर्पित रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर, लव पांडेय, पार्षद कोमल ठाकुर, अंकित अग्रवाल, आरती शिवहरे, डाकेश कश्यप, बादल निर्मलकर एवं शासकीय प्राथमिक शाला टिकरीपारा की प्राचार्या नीमा ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं विद्यालय परिवार

पूर्व सीएम भूपेश बघेल का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

लोरमी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर एवं डिडौरी ब्लाक अध्यक्ष नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत किया। स्थित रेस्ट हाउस पहुंचने पर बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने रेस्ट हाउस में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्थानीय राजनीतिक गतिविधियों, जनसमस्याओं और संगठन की मजबूती को लेकर सीधा संवाद किया तथा आने वाले समय में पूरी एकजुटता व सक्रियता के साथ जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, मायारानी सिंह, मनीष त्रिपाठी, खुशबू वैष्णव, अशोक चंद्राकर, सालिक बंजारे, धनंजय दुबे, शशांक वैष्णव, मनोज अहिरवार, आदित्य दास, वैष्णव श्याम सुंदर, शांडिल्य धनुष, सेन पुरुषोत्तम, मार्को जाकिर हुसैन, खेम सिंह बघेल, श्वेता पाठक, सुरेंद्र लहरे, बजरंग बंजारा, प्रकाश वैष्ण, सुनील बंजारा, प्रकाश कुमार टोंडे, नागेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सड़क पर निकली छड़, दुर्घटना की आशंका



धरमपुरा। नेशनल हाईवे 130 मुंगेली बिलासपुर रोड पर ग्राम दशरंगपुर धरमपुरा के मध्य निर्माणाधीन सोढ़ार टोल प्लाजा के पास रोड पर लगे लोहे का एंगल बाहर ऊपर आ चुका है जिससे कि कभी भी राहगीर चोटिल हो सकते हैं या वहां से गुजरने वाले वाहनों को नुकसान हो सकता है। लोहे के एंगल के कारण अप्रिय घटना घट सकती है। इस पर विभाग को त्वरित ध्यान देना आवश्यक है। ग्रामीणों के अनुसार कई बाइक वाले इस जगह पर चोटिल भी हुए हैं और कई मोटर सायकल पंचर होते रहता है। किसी प्रकार से अनबैलेंस होने पर बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

उपस्वास्थ्य केंद्र की सीएचओ ने लगाई फांसी, मौत

धरमपुरा। 18 अक्टूबर को शाम 6 बजे उप स्वास्थ्य केन्द्र धरमपुरा में पदस्थ सीएचओ कमलेश्वरी साहू पिता अर्जुन लाल साहू उम्र 28 वर्ष ग्राम रामायण चौक खरिंपारा के द्वारा फांसी लगाने से मृत्यु हो गई। मृतका का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया है। उप स्वास्थ्य केंद्र धरमपुरा में कार्यरत सीएचओ कमलेश्वरी साहू उम्र 28 वर्ष ने स्वास्थ्य केंद्र के ऊपर अपने कमरे में फांसी लगाकर 18 अक्टूबर को आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर जरहागांव थाना प्रभारी दिव्यकांत पाण्डेय अपने स्टाफ के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। परिजनों को जानकारी देने के पश्चात पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेली भेजा गया। पुलिस के अनुसार परिजनों के द्वारा घटना में संदेह व्यक्त करने पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया जिससे फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम के पहुंचने के पश्चात कार्यवाही कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

खपरीकलां में कलश यात्रा से भागवत कथा का शुभारंभ

लोरमी। ग्राम खपरीकलां में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह और उल्लास देखने को मिला।

कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने गांव के प्रमुख मंदिरों जैसे महामाया मंदिर, राम जानकी मंदिर और बजरंगबली मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु आगर नदी पहुँचे, जहाँ से पवित्र जल भरकर पैदल गांव में भ्रमण करते हुए वापस लौटे। इस पावन अवसर पर कथावाचक सागर महाराज को रथ पर बैठाकर पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। यात्रा के राम मंदिर पहुँचने पर महाराज जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से कलश में जल भरा गया और कथा का शुभारंभ हुआ।



व्यापार मेले को लेकर नई कार्यकारिणी गठित



मुंगेली। स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित मुंगेली व्यापार मेला 2026 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए टीम स्टार्स बैठक की। इसमें मेले को पिछले आयोजनों से बेहतर और आकर्षक बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

विभिन्न विभागों के लिए नई कार्यकारिणी एवं कमेटियों का गठन किया गया है। बैठक में स्टॉल बुकिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वित्तीय बजट, प्रचार-प्रसार, अतिथि सत्कार और व प्रिंटिंग सहित महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारियां तय करने पर चर्चा हुई। बैठक को संस्था अध्यक्ष महावीर सिंह व सचिव विनोद यादव ने भी सम्बोधित किया। पदाधिकारियों ने इसे स्थानीय व्यापारियों, उद्यमियों, कलाकारों और प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने का सशक्त मंच बताया। सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग से आयोजन को सफल बनाने का संकल्प किया।

सर्पदंश से पीड़ित गर्भवती महिला नवजात की बचाई जान

मुंगेली। जिला चिकित्सालय में अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में सर्पदंश से गंभीर रूप से पीड़ित गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु की जान बचाने में सफलता मिली है। महिला को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय लाया गया था।

समय पर समुचित उपचार, आईसीयू में सतत निगरानी और वेंटिलेटर पर जीवनरक्षक देखभाल के बाद महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीकेश गुप्ता ने बताया कि लगभग नौ माह की गर्भवती महिला की पलकें गिरने, सांस लेने में तकलीफ और गंभीर कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने लगे। सर्पदंश के कारण उसकी स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही थी। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में गर्भवती महिला के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु की जान बचाना चिकित्सकों के सामने बड़ी चुनौती थी। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ विजेन्द्र पाटले एमडी मेडिसिन की देखरेख में महिला को आईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर पर रखा गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और आईसीयू टीम की सतर्कता एवं निरंतर निगरानी के बीच महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। इस प्रकार समय पर उपचार और समन्वित प्रयासों से एक गंभीर आपातकालीन परिस्थिति में मां और बच्चे की जान बचाई जा सकी।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार गोपाल गुप्ता उम्र 46 वर्ष पिता श्यामलाल गुप्ता निवासी–सीपत रोड श्री गोपाल मेडिकल स्टोर सरकंडा जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिए आम सूचना का प्रकाशन कराता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा सरकंडा रा.नि.म. व. तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 896/27 रकबा 0.0150हे. जिस पर मकान बना हुआ है जो कोमल साहू उम्र 68 वर्ष पिता बी.आर. साहू निवासी–सीपत रोड एच.डी.एफ.सी. बैंक के सामने हरदेव मोबाइल के पास सुभाष चौक सरकंडा बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व को है, को मेरे पक्षकार गोपाल गुप्ता से विक्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर अग्रिम राशि 29,00,000/- रू. प्राप्त किया गया है एवं सौदे की शेष राशि भूमि पंजीयन के समय प्राप्त करेगा। परन्तु विक्रेता कोमल साहू के द्वारा रजिस्ट्री हेतु टाल मटोल किये जाने पर एवं अन्यत्र विक्रय का प्रयास करने के कारण मेरे पक्षकार गोपाल गुप्ता के द्वारा न्यायालय श्रीमान द्वादश अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर के न्यायालय में संविदा के विशिष्ट अनुपालन बाबत सिविल वाद प्रस्तुत किया है, जिसका प्र.क्र. सीएस 115 (A)/26 है। अतः उक्त भूमि विवादित होने से उक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, नगरीय निकाय एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था एवं अन्य किसी भी व्यक्ति क्रय विक्रय न करे, क्योंकि उपरोक्त भूमि पर सिविल वाद प्रस्तुत हो चुका है, यदि किसी प्रकार से उपरोक्त भूमि को क्रय विक्रय करने का सौदा करते है तो उसके लिये संबंधित व्यक्ति/अथवा निकाय स्वयं जिम्मेदार होगा तथा ऐसा क्रय विक्रय शून्य माना जावेगा।
सो सूचना जाने। दिनांक–16.10.2026
भवदीय
अजय पाण्डेय (अधिवक्ता)
पता-किला वार्ड जुना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 8818843135

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 2026102505000/अ-6-अ/2026-27
ग्राम डाड़गांव प.ह.नं. 03
//नोटिस//

प्रति,
1. अमित राव पिता बसंतकुमार,
2. विजय प्रताप पिता बसंतकुमार,
3. हेमपुष्पा पिता बसंतकुमार,
4. विणा पिता बसंत कुमार

सभी जाति सतनामी निवासी डाड़गांव तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अयोध्या पिता बाबुलाल जाति सतनामी निवासी ग्राम डाड़गांव तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं 06 अन्य द्वारा ग्राम डाड़गांव प.ह.नं. 03 तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 627/1 रकबा 0.3280 हे.भूमि आवेदक के पिता के द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर वर्ष 2003-04 में खरीदी गई भूमि है, किन्तु वर्तमान में अनावेदक गण के नाम पर दर्ज हो गया है। उक्त भूमि को सुधार कर आवेदक गण अपने नाम पर अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के तहत प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 29/10/2006 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवें। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 15/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

सार्वजनिक सूचना (विज्ञापन)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार डॉ. आनंद श्रीवास्तव, निवासी मकान क्रमांक 93/94, सेक्टर-8, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू, रायपुर (छत्तीसगढ़), निम्नलिखित अनुसूची में वर्णित भूमि को क्रय करने के इच्छुक हैं, जिसके विक्रेता निम्नानुसार हैं :–

1. श्रीमती रत्ना कौशिक, पत्नी श्री कंदकुमार कौशिक, आयु लगभग 25 वर्ष, निवासी यातायात नगर, परसदा, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़)।
2. श्रीमती शशि कौशिक, पत्नी श्री पुरुषोतम कौशिक, आयु लगभग 29 वर्ष, निवासी यातायात नगर, परसदा, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़)।

विक्रयाधीन परिवर्तित आवासीय भूमि, स्थित मौजा बोदरी (बोदरी नगर पंचायत सीमा के अंतर्गत, वार्ड सीमा से बाहर एवं मुख्य मार्ग से 100 मीटर पश्चात "गोल्डन पार्क"), प.ह.नं.1, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा, विकासखण्ड बिल्हा, अंतर्गत नगर पंचायत बोदरी, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़), महाल नंबर 1, लेआउट भूखण्ड क्रमांक 195, खसरा नंबर 713/1 में से, रकबा 1760 वर्गफीट (163.568 वर्गमीटर) (लम्बाई 55 फीट×चौड़ाई 32 फीट), परिवर्तित लगान 129.50 रुपये।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था या विभाग का उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का स्वत्व, हित, अधिकार, दावा, आपत्ति, बंधक, भार, विक्रय अनुबंध, पट्टा, कब्जा या न्यायालयीन वाद आदि हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से

खबर संक्षेप

विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण केंद्र शुरू



बिलासपुर। बिलासपुर डायटीशियन एंड न्यूट्रिशनिस्ट एसोसिएशन द्वारा संचालित बीटारा व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ पुराना बस स्टैंड के पास किया गया। केंद्र का उद्घाटन सिमरन पुजारा, धृति पुजारा, नीलांशु, जयेश और सूर्यांश के करकमलों से हुआ। इसका उद्देश्य 18 वर्ष से अधिक आयु के बौद्धिक दिव्यांगता वाले विशेष बच्चों को विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। केंद्र में बच्चों को बुनियादी कंप्यूटर प्रशिक्षण, कला-शिल्प, रचनात्मक गतिविधियों, व्यक्तिगत विकास, संवाद कौशल, शारीरिक गतिविधियों, इनडोर और आउटडोर खेलों तथा दैनिक जीवन से जुड़े जरूरी कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने, आत्मविश्वास बढ़ाने और स्वतंत्र रूप से जीवन जीने के लिए तैयार किया जाएगा। इस केंद्र की स्थापना सिमरन पुजारा की जीवन यात्रा से प्रेरित होकर की गई है। इस अवसर पर विश्व हिंदी परिषद की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संगीता बनाफर ने अपनी लिखित पुस्तक 'अपराजित शौर्य गाथा' भेंट की। पुस्तक में संस्था की निदेशक कविता पुजारा और सिमरन पुजारा के संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायक जीवन सफर का उल्लेख है। कार्यक्रम में कविता पुजारा, ललित पुजारा, रमेश भाई, रंजूबेन जोबनपुत्र, डॉ. मीना गुप्ता, डॉ. सुजाता बाजपेयी, कनक गोवर्धन, श्रीमती चक्रवर्ती, कुमकुम झा, प्रेमानंद झरिया, श्वेता द्विवेदी और आकांक्षा सिंह आदि मौजूद थीं।

पत्रकार अशोक की 15 वीं पुस्तक 'एक पत्नी पर पुस्तक क्यों?' लांच



बिलासपुर। हर सफल पुरुष के पीछे किसी न किसी स्त्री का हाथ जरूर होता है, फिर वो मां हो, बहन हो या पत्नी। आमतौर पर हर लेखक मां पर तो लिखता है पर पत्नी पर कोई नहीं लिखना चाहता। इसी मिथक को तोड़कर ' एक पत्नी पर पुस्तक क्यों? ' की रचना की गई है। यह कहना है वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार अशोक व्यास का। उन्होंने यह बात शनिवार को उनकी 15 वीं पुस्तक ' एक पत्नी पर पुस्तक क्यों ?' के विमोचन अवसर पर कही। बबीता इस सफर के कहानी की सिर्फ केंद्र बिंदु है। पुस्तक ' एक पत्नी पर पुस्तक क्यों? ' का विमोचन बुक्स क्लिनिक के भवन कुदुदंड में सोमवार 19 अक्टूबर को हुआ। इस मौके पर बुक्स क्लीनिक के डायरेक्टर हितेश सिंह बिसेन,को-डायरेक्ट ऋचा सिंह बिसेन,अनिका सिंह बिसेन, मैनेजर - पवन शर्मा, साक्षी व्यास, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, जय प्रकाश, अखिलेश, बृजेश, ओमप्रकाश उपाध्याय, रविंद्र तेलंग, वीना बचानी, नवीन बचानी, गजेंद्र जायसवाल, विनोद सोनी, ललिता मिश्रा, रजनी केशरवानी, पल्ल्वी पाण्डेय, राजेश कुमार बंजारे, कलप सिंह, आशीष धुरी,लव थवाईत, गीतेश प्रकाश, भूमिका साहू, दिव्या सिंगरौल, मानसी पटेल,ओजस वस्त्राकर, अनुराग रजक,भूमिका राठौर, नीलम विंध्यराज के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

महामाया मंदिर में कुर्मी समाज ने किया प्रसाद वितरण



बिलासपुर। रतनपुर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर प्रांगण में कुर्मी समाज द्वारा नवरात्रि के छठवें दिन प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से सूर्यास्त तक अनवरत चलता रहा। मनोहर लाल चंदेल के हाथों से प्रसाद वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मां महामाया के दर्शन के लिए पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें मनोहर लाल चंदेल, आदित्य कश्यप, नरेन्द्र कुमार चंद्राकर, विजय वर्मा, डॉ. महेन्द्र कश्यप, नंदलाल कश्यप, किशोर कश्यप, प्रमोद कश्यप, मनहरण कश्यप, मणिकांत कश्यप, देवीप्रसाद कश्यप, अनिल चंदेल, रामकुमार कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, ज्ञानेन्द्र कश्यप, बबलू दुर्गा कश्यप, धर्मेंद्र चंदेल, राजेंद्र कश्यप, सीता कश्यप, अर्चना कश्यप, मीनाक्षी कश्यप, सरोज कश्यप, हेमलता चंद्राकर, आरती कश्यप, गायत्री कश्यप, नरेन्द्र कुमार चंद्राकर आदि का सहयोग रहा।

रबी फसलों की तैयारियों पर कमिश्नर ने की समीक्षा

बिलासपुर। संभागायुक्त सुनील जैन ने कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर रबी फसलों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने किसानों की जरूरत के अनुरूप खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने तथा कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। दलहन, तिलहन एवं अन्य लाभकारी फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। रबी फसलों के लिए खाद की उपलब्धता एवं संभावित आवश्यकता की समीक्षा करते हुए समय पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं और किसान पंजीयन की जानकारी ली। उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने तथा संबंधित आंकड़ों में एकरूपता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने उद्यानिकी फसलों का रकबा और उत्पादन बढ़ाने का आकलन करने को कहा।

कसौंधन वैश्य महासभा के गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए

बिलासपुर। अभा कसौंधन वैश्य महासभा ने संगठन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से रमेश गुप्ता को छत्तीसगढ़ प्रदेशका अध्यक्ष नियुक्त किया है। महासभा ने बताया कि श्री गुप्ता लंबे समय से समाज सेवा और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं उनके अनुभव और समर्पण से संगठन को मजबूती मिलेगी। श्री गुप्ता के राष्ट्रीय संगठन में व छत्तीसगढ़ में जिम्मेदारी मिलने से समाज महासभा मै खुशी का माहौल है।



तेलीपारा काली मंदिर के पास प्रसाद के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़।



नवीन दुर्गा उत्सव समिति तेलीपारा की सड़क पर लगी भीड़।

तालाब में लोग कपड़े धोते हैं, पानी हो चुका है गंदा और उठ रही बदबू

अब तक 4 करोड़ खर्च, इसके बाद भी डीपूपारा तालाब बदहाल ही रह गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तारबाहर क्षेत्र के डीपूपारा तालाब को संवारने पर अब तक करीब 4 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं लेकिन हालत बदहाल ही है। तालाब के बीच में जाने के लिए कांक्रीट का पुल बनाया गया, जहां पहुंच कर लोग तालाब की जलराशि और रंगबिरंगी रोशनी का आनंद उठा सकते थे। तालाब के चारों ओर सैर के लिए पहुंचने वालों के लिए पाथ वे, कारपेट घास, फूलों के पौधे, बच्चों के खेलकूद के उपकरण लगाए गए, परंतु इनकी देखरेख की ओर ध्यान नहीं दिया गया। मेंटेनेंस के अभाव में अब तालाब में लोग कपड़े धोते हैं। कचरा, मलबा फेंकने के कारण किनारे का पानी गंदा हो चुका है और उससे सड़ांध उठती है। पूरा तालाब जलकुंभी से पटा पड़ा है लेकिन निगम का ध्यान नहीं है।

डीपूपारा तालाब व्यापार विहार जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत आता है। तालाब की दुर्दशा, मेंटेनेंस के अभाव के विषय में पूछने पर अधिकारी अनभिज्ञता जताते हैं तो हर बार फंड नहीं होने से वर्तमान में सुधार के कोई कार्य नहीं किए जाने के जवाब दिए जा रहे हैं। दूसरी ओर उद्यान विभाग का कहना है कि डीपूपारा तालाब के उद्यान का देखरेख उनके अंतर्गत नहीं है। जाहिर है कि निगम जिस तालाब पर करोड़ों रुपए खर्च कर चुका है, उसकी देखरेख भी जरूरी नहीं समझता।





जोनवार ली जाएगी जानकारी

शहर के तालाबों की स्थिति सुधारने के लिए जोनवार जानकारी ली जाएगी। पहले भी कई काम हुए हैं। एक बार सभी को संवारा जाएगा।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

रिहायशी मकानों का गंदा पानी गिर रहा

डीपूपारा तालाब के चारों ओर लगाई गई लाइटें, कुर्सियां, सजावट के सामान, टाइल्स आदि लगातार चोरी हो रहे हैं। शाम होते ही शराबखोरी और असमाजिक तत्वों का जमावड़ा होने लगता है। इसकी शिकायत कई बार स्थानीय निवासियों ने निगम और प्रशासन से की है। यह मुद्दा सामान्य सभा में भी उठा था लेकिन इसके बाद किसी ने ध्यान नहीं दिया। तालाब के किनारे बने रिहायशी मकानों का गंदा पानी (सीवरेज) सीधे तालाब में गिर रहा है, जिससे पानी पूरी तरह दूषित और बदबूदार हो चुका है। तालाब के किनारे एक बस्ती जहां के लोग यहां अपने कपड़े धोते और सुखाते हैं।

करोड़ों खर्च, फिर भी नहीं बदली तस्वीर

गौरतलब है कि नगर निगम और प्रशासन द्वारा समय-समय पर तालाबों के संरक्षण के बड़े दावे करता है लेकिन सिर्फ पैसे फूंके जाते हैं। वर्ष 2007-08 से लेकर अब तक करोड़ों रुपये खर्च कर कांक्रीट घाट, पुल, फाउंटेन, लाइटिंग और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य कराए गए लेकिन अधिकांश योजनाएं केवल निर्माण कार्यों तक सीमित रह गईं। नियमित सफाई, जल संरक्षण और प्राकृतिक स्वरूप बचाने की दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं हुए। डीपूपारा तालाब में ही करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी गंदगी, जलकुंभी और बदहाल व्यवस्था देखने को मिल रही है।

बिजनेस प्लस

खंडेलवाल बजाज में दमदार ऑफर 14 हजार तक की बचत का मौका

बिलासपुर। नवरात्रि एवं दीपावली के अवसर पर खंडेलवाल बजाज द्वारा ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर पेश किए गए हैं। इस त्यौहारी सीजन में बजाज की नई 125 और एन-160 एसएस बाइक की खरीद पर ग्राहकों को 14,000 तक की बचत का लाभ मिल सकता है। ऑफर के अंतर्गत कैश बेनिफिट, निःशुल्क प्रोसेसिंग फीस और पांच फ्री सर्विस जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं।

कंपनी की ओर से 'बाइक आपकी, पैसे हमारे' स्क्रैच एंड विन योजना भी आकर्षण का केंद्र है। इसके तहत भाग्यशाली ग्राहकों को बाइक की पूरी कीमत वापस पाने का अवसर मिल सकता है। इसके अलावा ग्राहकों के लिए विभिन्न आकर्षक उपहार जीतने का मौका भी दिया जा रहा है। नई बजाज 125 में 5 इंच टीएफटी कंसोल, गूगल मैप्स, एबीएस और मोनोशॉक सस्पेंशन जैसे फीचर्स दिए गए हैं।



वहीं, नई एन-160 एसएस में ट्रैक्शन कंट्रोल, गूगल मैप्स और राइड मोड जैसी सुविधाएं मिलती हैं। ग्राहक खंडेलवाल बजाज के सरकंडा, उसलापुर, लोरमी और मुंगेली शोरूम में पहुंचकर ऑफर की जानकारी ले सकते हैं। शोरूम में रविवार को भी ग्राहकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी।

नए प्रोडक्ट्स के साथ विजय श्री कंपनी बाजार में मजबूत करेगी हिस्सेदारी

बिलासपुर। बिलासपुर में 'सुपर स्टॉकिस्ट' महक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर प्राइवेट लिमिटेड के साथ होटल रेड डायमंड में डीलर मीटिंग संपन्न हुई ।

विजय श्री कंपनी ने आज आधिकारिक तौर पर अपने नए और बहुप्रतीक्षित उत्पाद एयर कूलर, आलमीरा, आटा चक्की, एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन इत्यादि को बाजार में लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने छत्तीसगढ़ राज्य में अपने वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए महक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर प्राइवेट लिमिटेड को अपना नया आधिकारिक सुपर स्टॉकिस्ट नियुक्त किया है। इन नए उत्पाद को उपभोक्ताओं की आधुनिक जरूरतों और बजट को ध्यान में रखकर तैयार किया है। सुपर स्टॉकिस्ट की नियुक्ति से कंपनी का लक्ष्य राज्य के हर छोटे-बड़े डिस्ट्रीब्यूटर, होलसेलर तक इस उत्पाद की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। कंपनी के सेल्स हेड अभिषेक शर्मा ने बताया कि हमारे सभी नए उत्पाद (एयर कूलर, आलमीरा, आटा चक्की, एल ई डी टीवी, वाशिंग मशीन बाजार में एक नई क्रांति लाएगा । हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि हम उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करें। हमारे नए सुपर स्टॉकिस्ट महक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुमित बंसल के जुड़ने से हमें पूरा विश्वास है कि हमारी छत्तीसगढ़ बाजार में पकड़ और मजबूत होगी। उनकी मजबूत लॉजिस्टिक्स क्षमता और स्थानीय बाजार के अनुभव का सीधा लाभ हमारे डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं ग्राहकों को सीधा मिलेगा।



सड़क की सूरत सुधारने पीडब्ल्यूडी विभाग ने संभाली जिम्मेदारी

बिलासपुर। शहर की उधड़ी हुई सड़कों की सुरत जल्द ही सुधरने लगेगी। पीडब्ल्यूडी द्वारा शहर की 7 से अधिक सड़कों को दुरूस्त करने का बीड़ा उठाया है, इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। सीपत चौक से कोनी सड़क पर मजबूतीकरण और पेंचिंग का कार्य शुरू किया है। अधिकारियों का कहना है कि दीपावली के पहले ज्यादातर सड़कों को सुधारा जाएगा।

शहर की मुख्य सड़कें गड्ढों से पटी है, जहां धूलों का गुबार उड़ने लगा है। बारिश के बाद सड़क की सूरत बिगड़ने के कारण राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, पीडब्ल्यूडी ने 15 अक्टूबर के बाद सड़कों को सुधारने की जिम्मेदारी संभाल ली है। इस दौरान राजेन्द्र नगर चौक से तारबहार, पेंड्रीडीह से नेहरू चौक, महामाया चौक से देवकीनंदन चौक, लालखरदान से दर्रीघाट, नेहरू चौक से उस्लापुर, संजय तरण पुस्कर से अग्रसेन चौक, सीपत से बलौदाबाजार सड़क पर डामरीकरण कर मजबूतीकरण किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि दीपावली पर्व को देखते हुए ठेकेदारों को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए गया



है। पीडब्ल्यूडी के ईई आदित्य ग्रोवर ने बताया कि महामाया चौक-कोनी-सेंदरी सड़क पर डामरीकरण किया जा रहा है। जहां छोटे पेंच है उन्हें तत्काल भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के बीच सीएमडी कालेज से पुराना बसस्टैंड की भी शीघ्र ही स्वीकृति मिलने वाली है, जिसके बाद शहर में मौजूद पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर दीवाली से पहले ही सड़क मजूबतीकरण का काम पूरा कर लिया जाएगा।

रेलवे क्षेत्र में पटाखा दुकान लगाने जिला प्रशासन की अनुमति जरूरी

बिलासपुर। रेलवे क्षेत्र में पटाखा बाजार के लिए प्रक्रिया शुरु कर दी गई है, जहां कलेक्टर की अनुमति मिलने के बाद ही पटाखा बाजार के लिए व्यापारी रेलवे को दस्तावेज सौंपेंगे। इसके उपरांत रेल अफसर पटाखा बाजार लगाने का अंतिम निर्णय लेंगे। रेल प्रशासन के पेचीदा नियम के कारण अब तक एक भी आवेदन अधिकारियों तक नहीं पहुंच सके हैं।

- अब तक एक भी नहीं पहुंचे आवेदन

प्रतिवर्ष रेलवे क्षेत्र के तोरवा थाना और रामलीला मैदान के सामने पटाखा दुकान लगाए जाते हैं। पटाखा दुकान लगाने के लिए व्यापारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इसका कारण है कि अगर रेलवे क्षेत्र में कहीं आग लगने की घटना हो जाए तो उसे बुझाने के लिए रेलवे के पास दमकल की व्यवस्था नहीं है। रेलवे क्षेत्र के बुधवारी बाजार, सब्जी मार्केट में कई बार आग लगने की घटना भी हो चुकी है, जिसे बुझाने के लिए रेल प्रशासन को नगर निगम की मदद लेनी पड़ती है। इसे देखते हुए रेलवे के अधिकारी पटाखा बाजार लगाने के लिए अनुमति देने से पहले कई बार सोचते हैं। इसके बावजूद पटाखा बाजार तोरवा थाने के सामने लगाया जाता है। पिछले साल की तरह इस साल भी पटाखा बाजार लगाने के लिए व्यापारियों ने अपनी ओर से प्रक्रिया शुरु कर दी है। बुधवारी बाजार व्यापारी संघ को पटाखा दुकान लगाने वाले कुछ व्यक्ति अपना लायसेंस रिनीवल कराने के लिए जमा करने लगे हैं। बुधवारी बाजार व्यापारी संघ के अनुसार तोरवा थाना रामलीला मैदान के सामने 70 दुकानें लगाई जाती हैं, इसके लिए लायसेंस रिनीवल करने के उपरांत रेलवे कार्यालय में दिया जाएगा। इसमें कलेक्टर की अनुमति भी शामिल रहेगी।

स्मृति मंधाना का छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश ने किया सम्मान

बिलासपुर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज और कप्तान स्मृति मंधाना को छत्तीसगढ़ में विशेष सम्मान मिला। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल ने स्मृति मंधाना को सम्मानित किया।

इस दौरान विंटेश अग्रवाल ने स्मृति मंधाना को चैट जीपीटी पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने स्मृति मंधाना के भारतीय महिला क्रिकेट में योगदान और उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की। सम्मान समारोह के दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि स्मृति मंधाना ने न सिर्फ भारतीय महिला क्रिकेट को नई ऊंचाई दी है, बल्कि देश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा बनी हैं। छत्तीसगढ़ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए हम ऐसे खिलाड़ियों का सम्मान करते रहेंगे। वहीं सम्मान मिलने पर स्मृति मंधाना ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ और रायपुर के दर्शकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रायपुर के स्टेडियम का माहौल हमेशा ही शानदार रहता है और यहां खेलना हमेशा सुखद अनुभव होता है। गौरतलब है कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम छत्तीसगढ़ का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम है, जहां लगातार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले आयोजित हो रहे हैं। इस सम्मान समारोह के दौरान क्रिकेट संघ के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।



- समारोह के दौरान क्रिकेट संघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे


औद्योगिक परिक्षेत्र सिरगिट्टी में जय दुर्गा ऑयल व उद्योग संघ का संयुक्त आयोजन

विधायक कौशिक ने किया सिरगिट्टी जय दुर्गा चौक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

औद्योगिक परिक्षेत्र सिरगिट्टी, सेक्टर-बी में जय दुर्गा ऑयल एवं जिला उद्योग संघ के संयुक्त प्रयास से स्थापित जय दुर्गा चौक में माँ दुर्गा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव और औद्योगिक जगत की सहभागिता का सुंदर संगम देखने को मिला। जय दुर्गा चौक में माँ दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना जय दुर्गा ऑयल के डायरेक्टर्स शिव कुमार अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल एवं देशराज अग्रवाल के सहयोग से की गई।

प्रतिमा का अनावरण बिल्हा क्षेत्र के विधायक धरम लाल कौशिक एवं छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के पूर्व अध्यक्ष





हरीश केडिया के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे औद्योगिक क्षेत्र की पहचान, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। समारोह में राम अवतार अग्रवाल, ब्रज मोहन अग्रवाल, पीएस भाटिया, शरद सक्सेना, सतीश शाह, सुनील मारदा, ओम मोदी, अनिल अग्रवाल, अनिल सलूजा, सुरेंद्र गुंबर, नवनीत अग्रवाल, संतोष सिंघानिया, महेश सुलतानिया , हरविंद अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल , पी एस राजू , चंद्रकांत भट्ट आदि मौजूद थे। जय दुर्गा ऑयल एवं जिला उद्योग संघ की इस पहल को औद्योगिक क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

खबर संक्षेप

नई बाइक में बैठने पर युवक को मारा चाकू

बिलासपुर। नई बाइक में बैठने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है।



पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी विकास जांगड़े पिता धनेश जांगड़े 17 अक्टूबर की रात 8 बजे बस्ती में हरिओम किराना स्टोर के सामने सूरज रात्रे की नई बाइक पर जाकर बैठ गया। उसी बात को लेकर सूरज रात्रे ने उसके साथ गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके चेहरे, सिर के पीछे, गर्दन, दोनों हाथ में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

शराब पीने से मना करने पर छात्र को पीटा

बिलासपुर। शराब पीने से मना करने पर छात्र के साथ पूर्व पार्षद के भांजे ने कांटा तार से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, मुंगेली नाका सर्किट हाउस के पास रहने वाला अभिषेक अंथोनी पिता अमित जार्ज अंथोनी बीकाम की पढ़ाई कर रहा है। 18 अक्टूबर को वे अपनी मम्मी सरोज डेविड के घर डीपूपारा गए थे। रात 11 बजे डीपूपारा दुर्गा मंदिर के आगे बरगद पेड़ के पास खड़े थे। वहीं पर पूर्व पार्षद राजू साहू का भांजा शिव अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। उन्होंने शराब पीने से मना किया तो शिव ने उनके साथ गाली गलौज कर बाउंड्रीबाल में लगे कांटा तार से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने अभिषेक की रिपोर्ट पर हमलावर शिव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी से ठगी

बिलासपुर। रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी का मोबाइल हैक कर 1 लाख 39 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि राजकिशोर नगर कल्याण बाग निवासी रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी भक्तिमय चौधरी 66 साल का मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 1 लाख 39 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर कर आनलाइन खरीदी कर ली गई है। मोबाइल में मैसेज आने पर उन्होंने बैंक जाकर जानकारी ली तो उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी मिली। पुलिस ने श्री चौधरी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

महिला के गले से सोने की चेन पार, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। दुर्गा पंडाल में आरती करते समय एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी कर ली गई है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, तेलीपारा आरके बूट हाउस गली निवासी स्वेता कश्यप पति दिलीप कश्यप 18 अक्टूबर की रात 8.30 बजे तेलीपारा शहीद चंद्रशेखर दुर्गा पंडाल में आरती में शामिल होने आई थीं। आरती के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर उनके गले से 14 ग्राम वजनी सोने की चेन कीमत 60 हजार रुपए चोरी कर ली है। दुर्गा पंडाल में लगा सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया, जिसमें कुछ संदिग्ध महिलाएं नजर आ रही है। पुलिस ने बेटा शौर्य कश्यप की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

राज्य शासन स्तर पर स्वीकृति लंबित | **उसलापुर ओवरब्रिज के बराबर से प्रस्तावित है एक और आरओबी का निर्माण**

उसलापुर का दूसरा ओवरब्रिज रेलवे से स्वीकृत, लेकिन राज्य में अटका मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और रेल ओवरब्रिज का प्रस्ताव प्रदेश सरकार स्तर पर अंतिम स्वीकृति के लिए लंबित है। शासन द्वारा आरओबी निर्माण को बजट में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल स्वीकृति नहीं मिल सकी है। ज्ञात हो कि रेल्वे द्वारा अपने हिस्से के निर्माण लिए मानचित्र को मंजूरी दी जा चुकी है।

मंगला चौक से उसलापुर की ओर जाने वाली सड़क का प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर चौड़ीकरण किया गया है। जिससे इस मार्ग में आवागमन काफी सुलभ हो चुका है। परेशानी यह है कि सड़क के चौड़ीकरण के बाद उसलापुर ओवरब्रिज की चौड़ाई अब काफी कम लगने लगी है। हालत यह है कि यहां न केवल लगातार जाम की स्थिति निर्मित होती है, बल्कि आए दिन दुर्घनाएं भी हो रहीं हैं। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग द्वारा उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।

सेतु संभाग के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन इसकी प्रशासकीय स्वीकृति अब तक नहीं मिल सकी है। उसलापुर में प्रस्तावित एक और ओवरब्रिज की लंबाई 1609.415 मीटर व चौड़ाई तेरह मीटर की होगी। इसी तरह ओवर ब्रिज का निर्माण 161.30 करोड़ रूपए की संभावित लागत से किया जाएगा। प्रस्तावित ओवरब्रिज के निर्माण से पूर्व विभाग द्वारा विस्तृत सर्वे किया जा चुका है। ज्ञात हो कि ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान पटरी के ठीक ऊपर वाले रेल्वे वाले हिस्से के निर्माण के लिए मानचित्र को रेल्वे प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। विभाग द्वारा अब राज्य शासन स्तर पर प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

जल्द मिलेगी स्वीकृति

उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। शासन द्वारा इसे बजट में शामिल कर लिया गया है। प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। जल्द ही स्वीकृति मिलने की पूरी संभावना है।

-नितेश तिवारी, ईई पीडब्ल्यूडी सेतु संभाग

बिजली सप्लाई बंद कर दमकल के पानी से आग पर पाया गया काबू

5 ई बाइक में लगी आग, धुंआ भरने से अटल आवास में मचा हड़कंप



कपड़ा बांधकर छत से नीचे उतरते लोग।



शार्टसर्किट से इलेक्ट्रिक बाइक में लगी भीषण आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सरकण्डा मुक्तिधाम अटल आवास में चार्जिंग के दौरान शार्टसर्किट से इलेक्ट्रिक बाइक में भीषण आग लग गई। उसकी चपेट में आकर पांच बाइक जलने लगीं। घरों में धुंआ भरने से लोग जागे, नीचे आग लगी देख भगदड़ मच गई। आनन फानन में लोग छत में जाकर कपड़ा बांधकर नीचे उतरे। बिजली सप्लाई बंद कर दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सरकण्डा मुक्तिधाम के बगल में स्थित अटल आवास के लोग नीचे पार्किंग में अपनी अपनी बाइक खड़ी कर घरों में चले गए थे। एक इलेक्ट्रिक बाइक को चार्जिंग में लगाकर छोड़ दिया गया था। रात करीब 1 बजे लोगों के घरों में धुंआ भरा तो उनकी नींद खुल गई। घरों से बाहर निकलकर नीचे पार्किंग में आकर देखे तो पांच बाइक जल रही थी। जिससे अटल आवास में हड़कंप मच गया और लोग चीखने चिल्लाने लगे। आगजनी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर सरकण्डा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई।

कपड़ा के सहारे नीचे उतरे लोग

पार्किंग में भीषण आग और घरों में धुंआ भरने से रहवासियों में कोहराम मच गया। आनन फानन में लोग छत पर चले गए और रस्सी बांधकर उसके सहारे नीचे उतरकर जान बचाने लगे। इस दौरान पुलिसकर्मी व आसपास के लोगों ने लोगों का बचाव कार्य किया है।

चार्जिंग के दौरान लगी आग

चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रिक बाइक में आग लगने से उसकी चपेट में आकर 5 बाइक जल गई है। घरों में धुंआ भरने से लोग कपड़ा के सहारे नीचे उतरने लगे। कोई हताहात नहीं हुआ है।

-प्रदीप आर्या
सरकण्डा टीआई

बिजली सप्लाई बंद कराई गई

पांच बाइक में आग लगने से पार्किंग स्थित भीषण आग की लपटों से घिर गया था। सूचना पर दमकलकर्मी दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए। करंट की वजह पानी डालने में समस्या आ रही थी। आनन फानन में बिजली विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर कालोनी की बिजली सप्लाई बंद कराकर दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

मुख्यमंत्री आवास योजना के 441 हितग्राही अपात्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायतों से भेजी गई लिस्ट में से जिला पंचायत द्वारा पात्र-अपात्रों की सूची जारी की गई है। इस योजना तहत 749 आवासों की स्वीकृति होना है, जिसमें आधे से ज्यादा 441 ग्रामीण अपात्र पाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना राज्य पोषित योजना है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2023 में हुई थी। मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत बिलासपुर जिले में कुल 5 हजार 464 आवासों का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से वर्तमान में 749 आवासों की स्वीकृति होना बाकी है। इसके लिए जनपद पंचायतों से जो जानकारी भेजी गई है उसके अनुसार 749 में से आधे से ज्यादा



■ योजना तहत 749 आवासों की मिली स्वीकृति

441 हितग्राही अपात्र पाए गए हैं, जबकि आधे से भी कम 308 हितग्राही पात्र पाए गए हैं।

इसी तरह कुल 5 हजार 464 के लक्ष्य में से पूर्व में 4 हजार 715 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 4 हजार 429 आवासों की पहली किश्त राशि जारी हो गई है। इसी तरह 296 हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 61 अपात्र पाए गए हैं। इन हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी नहीं हुई थी। इस तरह 296 और 749 मिलाकर कुल 1045 की सूची में से केवल 543 पात्र हैं जबकि 502 अपात्र पाए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों की सूची के बारे में दावा-आपत्ति 14 अक्टूबर तक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में करना था।

इस योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति के लिए शेष तथा स्वीकृति के बाद प्रथम किश्त जारी करने के लिए शेष हितग्राहियों में से कुल 502 हितग्राहियों की अपात्र सूची जनपद पंचायतों से मिली है। इसमें बिल्हा के 81, कोटा के 66, मस्तूरी के 191 एवं तखतपुर के 164 हितग्राही शामिल हैं।

कलेक्टर और निगम आयुक्त को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी निर्धन आवास योजना के तहत वर्ष 2020 में आवंटित मकान का कब्जा छह साल बाद भी नहीं मिलने के मामले में हाईकोर्ट ने बिलासपुर कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की एकलपीठ ने पूछा है कि हाईकोर्ट के पूर्व आदेश का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए,मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

बिलासपुर के चांटीडीह किसान मोहल्ला निवासी देव कुमार निर्मलकर ने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के माध्यम से अवमानना याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता के अनुसार उसे 15 अक्टूबर 2020 को लिंगियाडीह, वार्ड क्रमांक 52 में मकान नंबर एन-1 आवंटित किया गया था,



■ आवंटित मकान का कब्जा छह साल बाद भी नहीं मिला

लेकिन अब तक उसका कब्जा नहीं दिया गया। इसके लिए लंबे समय तक प्रयास करने के बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका के अनुसार हाईकोर्ट ने 15 जून 2026 को आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवंटित मकान की मरम्मत कराकर उसे रहने योग्य स्थिति में याचिकाकर्ता को कब्जा सौंपने के निर्देश दिए थे। इसके पालन के लिए याचिकाकर्ता ने 13 जुलाई 2026 को नगर निगम आयुक्त और 14 जुलाई 2026 को कलेक्टर के समक्ष आदेश की प्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत किया। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए उसने अवमानना याचिका दायर की।

मामले में प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 7 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर और निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने उनसे जवाब मांगा है कि आदेश के पालन में कथित चूक के लिए उनके विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। प्रकरण को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए नियत किया गया है।

हवाई सुविधा विस्तार आंदोलन की 7 वीं वर्षगांठ पर 26 को उलटा मार्च

बिलासपुर । हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के द्वारा बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के साथ-साथ 26 अक्टूबर को पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर समिति ने निर्णय लिया है कि 4 सी एयरपोर्ट निर्माण में विलंब होने और कई उड़ानों के प्रारंभ होने के बाद बंद होने या उड़ानों के दिनों में कमी आने के विरोध में समिति उल्टा मार्च करेगी।

यह अनूठा आंदोलन यह दर्शाने का प्रतीकात्मक विरोध होगा कि देश में सभी जगह विकास और प्रगति में लोग आगे बढ़ रहे हैं, परंतु बिलासपुर विकास और प्रगति की दौड़ में पीछे छूटा जा रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बताया कि 26 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10 बजे समिति के सदस्य और सहयोगी संगठनों के सदस्य महा धरना स्थल पर एकत्रित होंगे। फिर एक सभा करने के बाद यहां से उल्टा मार्च करते हुए कलेक्टोरेट तक जाएंगे और वहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

■ पीएम और सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

नाम पर ज्ञापन सौंपेंगे। समिति ने बताया कि बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के संबंध में देरी का आलम यह है कि 3 साल तक सेना के कब्जे वाली जमीन का वापसी की स्थिति फुटबॉल की तरह केंद्र और राज्य सरकार के बीच बनी रही। जब एयरपोर्ट चालू हुआ था तब दिल्ली के लिए सातों दिन उड़ान थी आज केवल चार दिन प्रयागराज के लिए उड़ान थी जो केवल एक दिन रह गई है। जबलपुर उड़ान बंद हो चुकी है, भोपाल इंदौर उड़ान बंद हो चुकी है, जगदलपुर की उड़ान बंद हो चुकी है और हैदराबाद की उड़ान 3 साल से मंजूर होने के बाद भी चालू नहीं हुई। इन सब के कारण यह फैसला लिया गया है कि समिति उल्टा मार्च करेगी। समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से बद्री यादव, ऋषिराज सिंह गौतम, अनिल गुलहरे, गोपी राव, संतोष पीपलवा, समीर अहमद, बबला, प्रकाश बहरानी, शिरीष कश्यप, मोहन जायसवाल, विभूति भूषण गौतम, मजहर खान, मनोज तिवारी, प्रेम दास मानिकपुरी, आशुतोष शर्मा, अभिषेक चौबे, महेश दुबे टाटा, अकील अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

आईआरसीटीसी ने की क्यूसीआई के साथ साझेदारी

बिलासपुर। आईआरसीटीसी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड ने भारतीय गुणवत्ता परिषद क्यूसीआई के साथ रणनीतिक समझौता किया है। यह साझेदारी आईआरसीटीसी के प्रबंधित सभी मोबाइल ट्रेनों और स्टैटिक स्टेशन कैटरिंग इकाइयों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एक कठोर, तकनीक संचालित, स्वतंत्र थर्ड पार्टी आडिट तंत्र स्थापित करती है। गठबंधन के तहत क्यूसीआई प्रमाणित पेशेवरों को गहन, औचक त्रैमासिक और अर्ध वार्षिक निरीक्षण चक्र आयोजित करने के लिए तैनात करेगा। यह आडिट भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के वैधानिक नियमों और अंतरराष्ट्रीय पाक कला मानकों का सख्त अनुपालन लागू करेंगे।

280 स्टेशन और प्रमुख परिसर में पेयजल की सघन जांच

नवरात्रि मेले के दौरान यात्रियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि मेले के दौरान यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसईसीआर के 280 स्टेशन और प्रमुख परिसर में पेयजल की सघन जांच व निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य निरीक्षक मौके पर पेयजल में अवशिष्ट क्लोरीन एवं कुल घुलित ठोस पदार्थों की जांच करने के साथ ही जीवाणु एवं रासायनिक परीक्षण के लिए पेयजल के नमूने भी संकलित कर रहे हैं। अभियान में नवरात्रि मेले के प्रमुख स्टेशन डोंगरगढ़ सहित विभिन्न स्टेशन पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, खाद्य संरक्षा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य निरीक्षक संबंधित विभाग के निरीक्षक के समन्वय से निर्धारित स्थल का निरीक्षण भी कर रहे हैं।



1 करोड़ 10 लाख बीमा दावा का भुगतान

बिलासपुर। रेल मंडल के कार्मिक विभाग में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से रेलवे सैलरी पैकेज के अंतर्गत दिवंगत रेल कर्मचारी स्वर्गीय शिवा सिंह पूर्व ट्रैक मेंटेनर खोडी की धर्मपत्नी को 1 करोड़ 10 लाख की बीमा दावा राशि प्रदान की। यह बीमा दावा भुगतान बिलासपुर मंडल एवं एसबीआई के मध्य अक्टूबर 2024 में संपन्न हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही रेलवे सैलरी पैकेज योजना का हिस्सा है। इस योजना के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले रेल कर्मचारियों को विभिन्न निःशुल्क बीमा सुविधाओं सहित अनेक वित्तीय लाभ प्रदान किए जाते हैं।



जुआ खेलते मंगला के 10 जुआरी पकड़े गए

बिलासपुर। पुलिस ने जोंकी में घेराबंदी कर जुआ खेलते मंगला के 10 जुआरियों को पकड़कर उनसे 16 हजार 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

सकरी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जोंकी के खार में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे है। पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर दबिश देकर जुआ खेलते मंगला निवासी मुकेश केंवट पिता मेलउ केंवट 30 साल, सरोज कुमार डोम पिता मिठ्ठू डोम 30 साल, नितिन पटेल पिता



सुरित लाल पटेल 24 साल, शशिकांत पटेल पिता स्व. रामस्नेही पटेल 42 साल, जितेन्द्र कौशिक पिता भरतलाल कौशिक, आनंद पटेल पिता भैयालाल पटेल 42 साल, आकाश रजक पिता स्व. गनपत रजक 23 साल, श्रवण कुमार केंवट पिता बाबूलाल केंवट 39 साल, रामायण पटेल पिता रमेश पटेल 30 साल व सरजू पटेल पिता संग्राम पटेल बरेला जरहागांव निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 16 हजार 300 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।